www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 177 || अम्बेडकरनगर
शनिवार
19 सितम्बर 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदयः 05:53
सूर्यास्तः 06:08
अधिकतमः 32°00
न्यूनतमः 26°00





विशेष समाचार | सड़कों से समृद्धि की राह... >>पेज 04 | घर के बाहर लड़की के भाई को ... >>पेज 06 | रणवीर सिंह ने लिया 1000 ...

## कांग्रेस उम्मीदवार गिरफ्तार ममता ने किया था समर्थन देने का ऐलान

# ममता बनर्जी को मिला धोखा

**कांग्रेस ने दावा किया कि नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव के लिए उसके उम्मीदवार मिलन प्रधान को 19 साल पुराने केस में अरेस्ट किया गया है।**

### नंदीग्राम में बड़ा खेल, ममता की कैंडिडेट हटीं

**झटका**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में उपचुनाव से 18 दिन पहले ममता गुट की महिला कैंडिडेट संचिता प्रधान डे ने शुक्रवार को नंदीग्राम सीट से नामांकन वापस ले लिया है। संचिता ने इससे पहले बंगाल सीएम शुभेंदु से मुलाकात की थी।

इसके बाद ममता ने नंदीग्राम में कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान को समर्थन देने की बात कही। इसके 2 घंटे बाद बंगाल पुलिस ने मिलन को एक पुराने केस में अरेस्ट कर लिया।

नंदीग्राम सीट मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने खाली की थी। रेजीनगर सीट हुमायूं कबीर के इस्तीफे के बाद खाली हुई। दोनों सीटों पर 6 अक्टूबर को चुनाव होगा, रिजल्ट 9 अक्टूबर को आएगा।

>> (शेष पेज 06 पर)



टीएमसी महिला प्रत्याशी संचिता प्रधान डे ने सीएम शुभेंदु से मुलाकात की। हालांकि ये मीटिंग कब हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

### बंगाल में दो सीटों पर उपचुनाव, टीएमसी के दोनों गुट को नया नाम-सिंबल

चुनाव आयोग ने TMC के दोनों गुटों को अलग-अलग नाम और चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए हैं। ममता बनर्जी के गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और 'फुटबॉल खिलाड़ी' का चिह्न मिला है, जबकि दूसरे गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' और 'लिफाफा' दिया गया है। इससे एक दिन पहले आयोग ने दोनों गुटों को 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फूल-घास' वाला मूल चुनाव चिह्न इस्तेमाल करने से रोक दिया था। यह अंतरिम व्यवस्था है। मूल नाम और चिह्न पर अंतिम फैसला अभी आना बाकी है।



### राहुल गांधी और केजरीवाल से संपर्क का दावा

ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग के फैसले के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने उनसे संपर्क किया है. उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी नंदीग्राम में कांग्रेस का समर्थन करेगी और INDIA गठबंधन को मजबूत करने के लिए साथ मिलकर राजनीतिक लड़ाई लड़ेगी. उन्होंने बीजेपी पर विपक्षी दलों को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया और महाराष्ट्र में शिवसेना तथा NCP में हुए विभाजन का भी जिक्र किया. ममता ने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं और दलों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों और अन्य संस्थानों का इस्तेमाल किया जा रहा है. ये उनके राजनीतिक आरोप हैं।



### नंदीग्राम से कांग्रेस उम्मीदवार 19 साल पुराने केस में अरेस्ट

कांग्रेस ने दावा किया कि नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव के लिए उसके उम्मीदवार मिलन प्रधान को 19 साल पुराने केस में अरेस्ट किया गया है।

### नंदीग्राम टीएमसी और भाजपा, दोनों के लिए अहम सीट

नंदीग्राम लंबे समय से TMC और भाजपा के बीच राजनीतिक संघर्ष का प्रमुख केंद्र रहा है। इस क्षेत्र में 2007 के भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन ने ममता बनर्जी और TMC को 2011 में सत्ता तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई थी।

2021 में ममता ने यहीं से बंगाल के मौजूदा सीएम शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ चुनाव लड़ा, लेकिन हार गईं। अधिकारी BJP में शामिल होने के बाद TMC के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी बन चुके हैं।

### टीएमसी के नाम और चुनाव चिह्न पर विवाद

नंदीग्राम में यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिह्न को लेकर भी विवाद चल रहा है. चुनाव आयोग ने अक्टूबर 6 को होने वाले उपचुनाव के लिए 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'दो फूल-घास' चुनाव चिह्न को फ्रीज कर दिया. आयोग ने ममता बनर्जी के गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फुटबॉल खिलाड़ी' चुनाव चिह्न आवंटित किया है।

वहीं अरूप रॉय के नेतृत्व वाले दूसरे गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'लिफाफा' चुनाव चिह्न दिया गया है. यह व्यवस्था फिलहाल अंतरिम है।

### 'महिला सिलेंडर नहीं उठा सकती' कहकर नौकरी नहीं दी थी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन को हरियाणा की महिला सुमित्रा को नौकरी नहीं देने के मामले में 12 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ महिला होने के आधार पर नौकरी से इनकार करना नारीत्व का अपमान है।

दरअसल, यह मामला 38 साल पुराना है। IOC ने सुमित्रा को नौकरी के लिए चुना था। सुमित्रा अब रिटायरमेंट की उम्र तक पहुंच चुकी हैं। इसलिए कोर्ट ने नौकरी देने के बजाय मुआवजा देने का आदेश दिया। सुमित्रा ने ही सुप्रीम कोर्ट में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के अक्टूबर 2025 के फैसले को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने निचली अदालत का वह फैसला पलट दिया था, जिसमें IOC को सुमित्रा को मजदूर के अलावा किसी अन्य पद पर नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था।

## एफसीआरए संशोधन बिल पर जेपीसी की पहली बैठक हुई

### सरकार विदेशी चंदे से जुड़े कानून में बदलाव कर रही

**चर्चा**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । विदेशी चंदे की निगरानी से जुड़े FCRA संशोधन बिल पर बनी जेपीसी की पहली बैठक शुक्रवार को दिल्ली में हुई। फॉरेन कॉन्ट्रिब्यूशन (रेगुलेशन) अमेंडमेंट बिल (FCRA), 2026 मानसून सत्र में पेश किया गया था।

BJP सांसद संजय जायसवाल की अध्यक्षता वाली 31 सदस्यीय समिति को 2026 के शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के आखिरी दिन तक लोकसभा में रिपोर्ट देनी है।

विपक्ष का आरोप है कि बिल ईसाई NGO और अल्पसंख्यक संस्थानों की वैध फंडिंग रोककर अल्पसंख्यकों को निशाना बनाता है। सरकार ने आरोप खारिज करते हुए कहा है कि बिल धर्म विशेष से जुड़ा नहीं है। यह बिल इस साल 25 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया था। विपक्षी दलों की लगातार मांग के बाद इसे 12 अगस्त को JPC को भेजा गया।

>> (शेष पेज 06 पर)




**एफसीआरए बिल- लोकसभा में पेश होने से जेपीसी तक**

## इनमें 4 पायलट, तय समय में एल्कोहल टेस्ट नहीं कराया

# एअर इंडिया एक्सप्रेस के 8 क्रू हुए सस्पेंड

**कार्रवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । एअर इंडिया एक्सप्रेस ने दुबई-अमृतसर फ्लाइट के 8 क्रू मेंबर्स को तीन महीने के लिए सस्पेंड किया है। इनमें चार पायलट शामिल हैं। यह कार्रवाई अनिवार्य पोस्ट-फ्लाइट ब्रीथ एनालाइजर (अल्कोहल) टेस्ट में देरी पर हुई।

मामला 2 अगस्त की दुबई-अमृतसर फ्लाइट का है। क्रू को अमृतसर के श्री गुरु राम दास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद 2 घंटे में ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट कराना था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, क्रू पहले होटल चला गया था। बाद में एयरपोर्ट लौटकर 2 घंटे 35 मिनट बाद टेस्ट कराया।

>> (शेष पेज 06 पर)



### एअर इंडिया सभी पायलटों की स्क्रीनिंग करेगी

एयरलाइंस के पायलट के टेस्ट 4 अगस्त की फुकेट-दिल्ली फ्लाइट के अचानक 300 फीट नीचे आने की घटना के बाद शुरू हुए थे। इस विमान के मुख्य पायलट का टेस्ट पॉजिटिव आया था।

एयर इंडिया अब अपने सभी पायलटों की प्रतिबंधित पदार्थों और दवाओं के लिए अतिरिक्त जांच कर रही है। यह स्क्रीनिंग ट्रेनिंग और पोस्ट-फ्लाइट के बाद की जाती है।

>> (शेष 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### जम्मू-कश्मीर में लश्कर मददगारों के ठिकानों पर छापेमारी

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर में राजौरी पुलिस ने गुरुवार को 4 दिन पहले गिरफ्तार किए गए 3 आतंकी मददगारों के ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान एक पिस्तौल, मैगजीन और गोलियां बरामद की गईं। इसके अलावा 2 चीनी ग्रेनेड भी मिले।

**दौरा जांच**

### पेपर लीक रोकने के क्या इंतजाम हुए, सुप्रीम कोर्ट जांचेगा

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि जरूरत पड़ने पर नीट परीक्षा सिस्टम की जांच के लिए जज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के ऑफिस का दौरा करेंगे। वे देखेंगे कि परीक्षा को सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से कराने के इंतजाम वास्तव में काम कर रहे हैं या नहीं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अलोक अराधे की बेंच यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट, FAIMA और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। इसमें NTA को भंग करने और पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत निगरानी सिस्टम की मांग की गई है।

### मुनाफे के लिए प्राइवेट यूनिवर्सिटी नहीं चला सकते

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मुनाफा कमाने के लिए प्राइवेट यूनिवर्सिटी नहीं चलाई जा सकतीं। इनका मकसद शिक्षा से जुड़े सार्वजनिक लक्ष्य को पूरा करना होना चाहिए। इन संस्थानों को सिर्फ मुनाफा कमाने वाले बिजनेस की तरह चलने की परमिशन नहीं दी जा सकती।

# वोट चोरी के बाद अब पार्टी चोरी : राहुल गांधी

## ये सिर्फ ममता बनर्जी की लड़ाई नहीं

**आलोचना**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने तृणमूल कांग्रेस (TMC) के चुनाव चिह्न और नाम के इस्तेमाल पर रोक लगाने के चुनाव आयोग के आदेश की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ये लड़ाई सिर्फ ममता बनर्जी की नहीं है। वोट चोरी और सरकार चोरी के बाद अब पार्टी चोरी हो रही है।

राहुल गांधी ने शुक्रवार को X पर लिखा- पहले शिवसेना, फिर NCP और अब तृणमूल कांग्रेस। हर बार एक ही पैटर्न- BJP और चुनाव आयोग मिलकर एक पार्टी को तोड़ते हैं। फिर उसका चुनाव चिन्ह छीन लिया जाता है।

>> (शेष पेज 06 पर)



**टीएमसी के समर्थन में विपक्ष, कहा- चुनाव आयोग कटपुतली**

## सुप्रीम कोर्ट की सलाह- उनके बिना पेशे की बारीकियां नहीं जान सकते, कोर्ट में क्या नहीं बोलना यह भी सीखेंगे

# 'युवा वकील सीनियर्स से ट्रेनिंग लें'

**सुनवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कोर्ट रूम में मौजूद युवा वकीलों से कहा कि सीनियरों के साथ ट्रेनिंग के बिना वे पेशे की बारीकियां नहीं सीख पाएंगे। युवा वकीलों को यह पता होना चाहिए कि कोर्ट में क्या बोलना है और क्या नहीं। ये बातें जस्टिस बीवी नागरत्ना और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने ये टिप्पणियां बॉम्बे हाईकोर्ट के एक आदेश से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के दौरान कीं। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि युवा वकीलों को सीनियरों के पास जाना चाहिए। सीनियर उन्हें सही दिशा दिखाएंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)

**जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि कुछ युवा बिना ट्रेनिंग सीधे अपना काम शुरू कर रहे हैं। यह बिल्कुल सही नहीं है।**



**सीनियरों के साथ काम करने से ही वकालत के असली कौशल और इस पेशे के तौर-तरीके सीखे जा सकते हैं।**
**जस्टिस बीवी नागरत्ना**
**सुप्रीम कोर्ट जज**

### डिग्री और ऑफिस के बाद जरूरी कौशल

बेंच ने कहा कि युवा वकीलों को कोर्ट में बैठकर कार्यवाही भी देखनी चाहिए। बेंच ने कहा- युवा वकील डिग्री हासिल करने के बाद जल्द ही अपना ऑफिस शुरू कर रहे हैं। लेकिन सॉफ्ट स्किल्स कहां हैं? आपके पास हार्डवेयर हो सकता है, लेकिन सॉफ्ट स्किल्स हर दिन विकसित करनी पड़ती हैं।" जस्टिस नागरत्ना ने कहा, "हमें बार और बार के भविष्य की चिंता है। कोर्ट की कार्यवाही देखकर युवा वकील समझ सकते हैं कि कौन-सी गलतियां नहीं करनी चाहिए।



**कार्यक्रम : पायलट अब स्वदेशी विमानों से ट्रेनिंग लेंगे, इनका 57% हिस्सा भारत में बना**

# एचएएल ने एयरफोर्स को तेजस पवनहंस को ध्रुव हेलिकॉप्टर सौंपे

तमसा संकेत, एजेंसी

बेंगलुरु । इंडियन एयरफोर्स को शुक्रवार को स्वदेशी ट्रेनी विमान HTT-40 मिला है। इसका नाम 'अंकुर' रखा गया है। इस विमान को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने तैयार किया है।

वायुसेना ने 2023 में 70 HTT-40 विमानों का कॉन्ट्रैक्ट किया था। समझौते के मुताबिक डिलीवरी सितंबर 2025 से शुरू होनी थी। हालांकि इसमें करीब एक साल की देरी हुई। इसके अलावा HAL ने 2 तेजस ट्रेनर विमान भी एयरफोर्स को सौंपे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने बेंगलुरु में विमानों के हैंडओवर प्रोग्राम में शामिल हुए।

रक्षा मंत्री ने विमानों की पूजा की। कार्यक्रम में HAL ने चार नए ध्रुव हेलिकॉप्टर पवन हंस लिमिटेड को सौंपे।

HAL ने भारतीय वायुसेना को दो LCA FOC ट्रेनर विमान सौंप दिए। इससे FOC कॉन्ट्रैक्ट के तहत चार ट्विन-सीटर विमानों की डिलीवरी पूरी हो गई।

>> (शेष पेज 06 पर)

### एयरफोर्स को पहला एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमान मिला

HAL ने भारतीय वायुसेना को HTT-40 बेसिक ट्रेनर विमान भी सौंपा। इसे 'अंकुर' नाम दिया गया। यह भारतीय रक्षा सेवाओं की शुरुआती पायलट ट्रेनिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने 70 HTT-40 विमानों का कॉन्ट्रैक्ट दिया है। मौजूदा हैंडओवर इसी कॉन्ट्रैक्ट के तहत डिलीवरी की शुरुआत है। हालांकि ये पहला स्वदेशी विमान नहीं है जिससे भारतीय पायलट ट्रेनिंग लेंगे। इससे पहले भी IAF स्वदेशी HAL HPT-32 'दीपक' जैसे ट्रेनर विमानों का इस्तेमाल कर चुकी है।






**एचएएल ने पवन हंस कंपनी को चार ध्रुव एनजी हेलिकॉप्टर सौंपे। यह पहली बार होगा जब सिविल सर्टिफाइड ध्रुव एनजी को सिविल एविएशन क्षेत्र में शामिल किया गया। यह एचएएल द्वारा डिजाइन और निर्मित 5.5 टन का हल्का ट्विन-इंजन मल्टी-रोल हेलिकॉप्टर है।**

## उत्तराखंड में बर्फबारी, केदारनाथ में तापमान माइनस 2 डिग्री सेल्सियस

### एमपी में भोपाल-सीहोर में बारिश यूपी में आंधी चली

**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तराखंड के चमोली के हेमकुंड साहिब में बर्फबारी हुई। वहीं, केदारनाथ और रुद्रनाथ में भी ओलों के साथ हल्की बर्फबारी हुई। इससे पहाड़ी इलाकों में तापमान गिरने के साथ ठंड बढ़ गई है। केदारनाथ में आज सुबह तापमान माइनस 2°C रिकॉर्ड किया गया।

ध्य प्रदेश में गुरुवार को भोपाल, सीहोर और देवास में तेज बारिश हुई। प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून अब अपने आखिरी फेज पहुंच गया है।

सितंबर के आखिरी हफ्ते से मानसून की विदाई शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक, 21 सितंबर तक राज्य में बारिश और आंधी का दौर जारी रहेगा।

उत्तर प्रदेश के कई जिलों में रुक-रुककर बारिश जारी है। कानपुर में करीब आधे घंटे तक 30kmph की रफ्तार से हवाएं चलीं। कई पेड़ गिर गए। बरेली में भी 50kmph की रफ्तार से चली हवाओं से कई पेड़ उखड़ गए।

>> (शेष पेज 06 पर)



**गुजरात में भारी बारिश, शनिवार को भी जारी रहेगी**

## बाराबंकी में 18 साल बाद सरयू ने बदला रास्ता, लोग बोले- उम्मीद टूटती जा रही

# 25 घर बाढ़ में बहे मस्जिद नदी में लटकी

**अलर्ट**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बाराबंकी/लखनऊ । बाराबंकी का हेतमापुर गांव...1 महीने पहले तक यहां सब ठीक था। लेकिन, अचानक सरयू नदी ने अपना रास्ता बदला और तबाही मचा दी। 18 साल बाद आई भयानक बाढ़ में 25 पक्के मकान नदी में तिनके की तरह बह गए। कटान करते हुए नदी अब प्रसिद्ध महंत गुरु नारायण मंदिर तक पहुंच गई। वहीं, मस्जिद का एक हिस्सा नदी के ऊपर हवा में लटक रहा है। इसे बचाने के लिए विधायक से लेकर मंत्री तक सीएम योगी आदित्यनाथ के पास पहुंचे। सीएम ने डीएम को निर्देश दिया कि बजट की चिंता किए बिना किसी भी तरह मंदिर को बचाइए। टीम जब स्थिति को देखने-समझने हेतमापुर गांव पहुंची, तो वहां उजड़ते आशियानों की बेबसी दिखाई दी।



कटान से कई घर सरयू नदी में समा चुके हैं। कुछ लोग अपने हाथ से घर तोड़कर उसके दरवाजे, ईंट, खिड़की निकालकर ले जा रहे हैं।

हेतमापुर गांव, जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर रामनगर तहसील में पड़ता है। यहां महंत गुरु नारायण मंदिर, बाबा नारायण दास की तपोस्थली और शंकरजी का मंदिर है। आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग यहां दर्शन करने आते थे।

रक्षाबंधन (28 अगस्त) तक यहां बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं थी। लेकिन, अचानक सरयू नदी गांव की तरफ बढ़ने लगी। रफ्तार तेज हुई तो कटान भी शुरू हो गया। 500 बीघा से ज्यादा खेत कट गए। खेतों में कुछ ही दिन पहले ही धान की रोपाई की गई थी। इसके बाद गांव के घर कटने शुरू हुए। 5 सितंबर से लगातार घर नदी में समाने लगे। 11 सितंबर को अचानक नदी की धार तेज हो गई और एक साथ 10 घर नदी में समा गए।

कलावती की तरह ही गांव के किनारे रहने वाले रामतेज का परिवार दहशत के साये में जी रहा है। उनका पक्का मकान अब नदी के कटान से सिर्फ 10 मीटर की दूरी पर है। रामतेज की पत्नी सुनीता छत पर खड़ी होकर उफनती नदी और कटान रोक रहे मजदूरों को एकटक निहारती हैं।

### 'बेटे ने 1-1 रुपया जोड़कर घर बनाया था, नदी लील गई'

महंत गुरु नारायण मंदिर के सामने मिठाई बेचने वाली कलावती का पक्का मकान नदी में समा चुका है। वह छप्पर बनाकर रह रही हैं। मिठाई बनाती कलावती आंसू पोंछते हुए कहती हैं- हमारा बड़ा-सा घर था, नदी लील गई। नाती-पोते जब पैसे मांगते हैं, तो समझ नहीं आता कहां से लाएं? बेटे ने पेट काटकर, एक-एक रुपया जोड़कर घर बनाया था। अब वह दिन-रात रो रहा है।

> **श्रद्धालुओं की अच्छी संख्या के चलते गांव के तमाम लोग प्रसाद, माला-फूल बेचते थे। इन्हीं मंदिरों के ठीक सामने एक मस्जिद भी है। कुल मिलाकर, ये धार्मिक स्थल गांव के तमाम लोगों के जीवनयापन का एक जरिया थे।**



गांव को बचाने के लिए नदी किनारे पत्थर बिछाए जा रहे हैं। मस्जिद का एक हिस्सा नदी के ऊपर हवा में लटक रहा है

## अमेरिका की मिशिगन यूनिवर्सिटी संग आईआईटी-बीएचयू का करार

### ईवी की नई तकनीक पर होगा बड़ा रिसर्च

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी । इलेक्ट्रिक वाहन (EV) की दुनिया में नई तकनीक विकसित करने के लिए IIT-BHU और अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन साथ आए हैं। दोनों संस्थानों के बीच ईवी, ई-मोबिलिटी और सतत परिवहन के क्षेत्र में संयुक्त शोध और तकनीकी नवाचार के लिए एमओयू हुआ है। इस करार के बाद दोनों संस्थानों के विशेषज्ञ मिलकर नई तकनीक और रिसर्च प्रोजेक्ट पर काम करेंगे। इसका सीधा फायदा छात्रों और शोधार्थियों को भी मिलेगा। IIT-BHU के निदेशक प्रो. अमित पात्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन के इलेक्ट्रिक व्हीकल सेंटर पहुंचा। यहां दोनों संस्थानों के विशेषज्ञों ने इलेक्ट्रिक वाहनों की नई तकनीक, ई-मोबिलिटी और भविष्य के सतत परिवहन को लेकर चर्चा की। एमओयू पर आठ सितंबर को



यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन के इलेक्ट्रिक व्हीकल सेंटर में हस्ताक्षर हुए। IIT-BHU की ओर से निदेशक प्रो. अमित पात्रा और मिशिगन यूनिवर्सिटी के एसोसिएट डीन फॉर रिसर्च प्रो. टॉड एलन ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। IIT-BHU के विद्युत अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष और सेंटर फॉर ट्रांसपोर्टेशनल ई-मोबिलिटी के समन्वयक प्रो. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि दोनों संस्थानों के बीच दो परियोजनाएं पहले ही स्वीकृत हो चुकी हैं। बैठक में इन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही भविष्य में शुरू किए जाने वाले नए प्रोजेक्ट पर भी चर्चा हुई।

**फास्ट न्यूज**

### विरासत गलियारा में जर्जर मकानों का खतरा बढ़ा

गोरखपुर । गोरखपुर के नखास क्षेत्र में विरासत गलियारा का काम पूरा होने के बाद सड़क का स्वरूप बदलने लगा है। इसके बावजूद सड़क किनारे खड़े कुछ पुराने और जर्जर मकान अब भी लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। कई मकानों की दीवारें और छज्जे कमजोर हो चुके हैं। 16 सितंबर को नखास चौक के पास एक पुरानी इमारत का पिलर अचानक सड़क पर गिर गया था।

### बाराबंकी में फरार आरोपी गिरफ्तार

घुंघटेर (फतेहपुर), बाराबंकी। बाराबंकी। अपराध और फरार आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड्डूपुर थाना पुलिस को शुक्रवार को सफलता मिली। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान राम आसरे यादव उर्फ छुन्नू के तौर पर हुई है। वह स्वर्गीय सुंदर लाल का बेटा है और हक्काबाद मजरे खिझना, थाना बड्डूपुर, बाराबंकी का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मु0अ0सं0-368/2026 से जुड़े एक मामले में फरार चल रहा था। उसके खिलाफ धारा 105 बीएनएस के तहत केस दर्ज है।

### बीएचयू में पहली बार की-होल से हार्ट बाईपास सर्जरी

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) के सर सुंदरलाल चिकित्सालय में हार्ट सर्जरी के क्षेत्र में नई सुविधा शुरू हुई है। अस्पताल के कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी (CTVS) विभाग में पहली बार मिनिमली इनवेसिव कोरोनरी आर्टरी बाईपास सर्जरी (MICS CABG) सफलतापूर्वक की गई।

## 'ब्लैक-चॉकलेट केक' काटा, सीवर के पानी में दीया जलाया

### वाराणसी में व्यापारियों ने काले कपड़े पहने

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी । वाराणसी की दालमंडी में कारोबारियों और स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर ब्लैक केक काटकर विरोध दर्ज कराया। प्रधानमंत्री के 76वें जन्मदिन पर गुरुवार को लोगों ने काले कपड़े पहने, काली पगड़ी और गमछा बांधा और काले गुब्बारे लगाए। इसके बाद 'हैप्पी बर्थडे मोदी' कहते हुए ब्लैक चॉकलेट केक काटा और दालमंडी चौड़ीकरण व प्रस्तावित कॉरिडोर को लेकर नाराजगी जताई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दालमंडी प्रोजेक्ट को लेकर लंबे समय से परेशानी बनी हुई है। उनका आरोप है कि कारोबार प्रभावित हुआ है, जबकि इलाके में सीवर, पेयजल, जलभराव और स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याएं भी बनी हुई हैं। वाराणसी के दालमंडी में



प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर ब्लैक चॉकलेट केक काटकर स्थानीय लोगों ने विरोध जताया। लोगों ने कहा दालमंडी से जिंदगी में बदलाव हो गया। ड्रीम प्रोजेक्ट दालमंडी में स्थिति दयनीय है। यहां का भूमि पूजन हुआ लेकिन काम नहीं शुरू हुआ। दालमंडी निवासी आदिल खान ने दो केक मंगाए थे। एक पर 'हिंदू-मुस्लिम' और दूसरे पर 'मोदी' लिखा था। आदिल खान ने कहा कि बेरोजगारी और नौकरी जैसे सवाल पूछे जाने पर कई बार मुद्दों को हिंदू-मुस्लिम या पाकिस्तान की ओर मोड़ दिया जाता है।

## लखनऊ समेत प्रदेशभर में जिला और महानगर कार्यालयों पर आयोजित हुए कार्यक्रम

# सपा ने किया पूर्व राज्यसभा सांसद शिवदयाल चौरसिया को नमन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ समेत प्रदेश के सभी जनपदों में शुक्रवार को पिछड़ों और वंचितों के हक के लिए संघर्षरत रहे पूर्व राज्यसभा सांसद एवं समाजवादी विचारों से जुड़े बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान पार्टी के जिला और महानगर कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को याद किया गया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से स्वर्गीय शिवदयाल चौरसिया के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में



राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यापार सभा मनीष जगन अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष व्यापार सभा प्रदीप जायसवाल और पूर्व मंत्री राम लखन चौरसिया समेत कई नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया ने पिछड़े वर्ग के अधिकारों और सामाजिक न्याय के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने साइमन कमीशन के समक्ष पिछड़ा वर्ग से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। आजादी के बाद उन्होंने काका कालेलकर आयोग के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। पार्टी नेताओं ने कहा कि सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उनके योगदान को लंबे समय तक याद किया जाएगा।



### महानगर कार्यालय में भी हुआ कार्यक्रम

लखनऊ महानगर कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी ने की, जबकि संचालन महानगर महासचिव गौरव सिंह यादव ने किया। यहां रामनरेश चौरसिया पार्षद, शिवदयाल चौरसिया के पौत्र दीपक चौरसिया, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग हरीश चौरसिया, वीरेन्द्र कुमार चौरसिया, रामजीवन चौरसिया, प्रदीप कनौजिया, सुधा जैसवार, राजकुमार मौर्य, मनीष शर्मा और अशोक चौरसिया समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव अनीस अहमद लारी, वरिष्ठ नेता उपेन्द्र कुमार सिंह, फरजान हैदर, महानगर कोषाध्यक्ष राजवीर सिंह, महानगर उपाध्यक्ष सतीश रावत, गजेन्द्र मिश्रा, महानगर सचिव नवनीत तिवारी, फैज सिद्दीकी, सबीहा सुल्ताना, अरुण यादव, मो. जुबैर, शमशाद बेगम, महानगर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जितेन्द्र शर्मा, सैनिक प्रकोष्ठ सचिव राधेश्याम यादव, रौनक तिवारी, कल्लू खान, हेमंत कुमार पाण्डेय, अभिषेक भट्ट, आकाश लोधी, परवीन जैदी और ओम प्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गोरखपुर में सामान लेने गईं तो कपड़े फाड़ दिए, 3 दोस्तों पर एफआईआर

# पंजाब की डांसरों को जबरन भोजपुरी गाने पर नचवाया




**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर । गोरखपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के पादरी बाजार में ऑर्केस्ट्रा में काम करने वाली पंजाब की दो डांसरों से अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर युवकों ने दोनों के कपड़े फाड़ दिए।

पीड़िता के मुताबिक, एक इवेंट में एक युवक ने उसके साथ अभद्रता की और जबरन भोजपुरी गाने पर डांस करवाया। कुछ दिन बाद सामान लेने पहुंची तो दूसरे युवकों ने दोनों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की।

घटना के बाद आरोपियों पर फोन कर जान से मरवाने की धमकी देने का भी आरोप है। पीड़िता की तहरीर पर शाहपुर पुलिस ने 3 लोगों के



खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने तहरीर में बताया कि घटना के बाद से आरोपी लगातार फोन पर जान से मरवाने की धमकी दे रहे हैं। इससे वह और उसकी दोस्त काफी डरी हुई हैं।

शाहपुर थाना प्रभारी अंजय सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज किया गया है। केस की जांच उप निरीक्षक आशुतोष सैनी को दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है और सीसीटीवी व अन्य साक्ष्य खंगाले जा रहे हैं। ऑर्केस्ट्रा संचालकों से भी जानकारी ली जा रही है।

### 24 अप्रैल को संगम लॉन में हुई थी पहली घटना

FIR के मुताबिक, 27 साल की युवती ऑर्केस्ट्रा में इवेंट डांसर का काम करती है। 24 अप्रैल 2026 को वह अपनी दोस्त के साथ पादरी बाजार के संगम लॉन में इवेंट डांसर के तौर पर गई थी। आरोप है कि वहां अरविंद कुमार आनंद ने उसके और उसकी दोस्त के साथ अभद्रता की और जबरदस्ती डांस करवाने लगा। पीड़िता के मुताबिक 27 अप्रैल 2026 को वह और उसकी दोस्त अपना सामान लेने पादरी बाजार में अनूप कुमार राव उर्फ माइकल और रोशनी पटेल के घर गई थीं। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद शिवेंद्र और एक अन्य युवक ने उनके साथ अभद्रता की। विरोध करने पर दोनों ने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। युवती का आरोप है कि जब वह और उसकी दोस्त वहां से निकलने की कोशिश करने लगीं तो दोनों युवकों ने उनके कपड़े फाड़ दिए। किसी तरह दोनों वहां से निकलकर भागीं।

### बाराबंकी में जमीन के विवाद को लेकर मारपीट

बाराबंकी । बाराबंकी के सतरिख थाना क्षेत्र के बरकतनगर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। किसान आशीष कुमार ने मारपीट, गाली-गलौज और पथराव का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पीड़ित किसान आशीष कुमार के अनुसार, उसकी कृषि भूमि गाटा संख्या-1550 की पैमाइश (माप) के बाद मेड़बंदी की गई थी। आशीष का आरोप है कि माप के दौरान जमीन के कुछ हिस्से पर सभाजीत और उसके बेटों का कब्जा मिला था। आशीष ने बताया कि 17 सितंबर की सुबह करीब 7 बजे वह अपनी जमीन पर पहुंचा था। उसी दौरान अजय, सतीश और अमरीश ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और पथराव करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान उसकी तरफ पटाखे भी फेंके गए। आरोप है कि झगड़े के दौरान आशीष को दोबारा जमीन पर आने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई।

## यूपीआई भुगतान पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ वापस लेने की मांग

### कांग्रेस ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बाराबंकी । बाराबंकी में शुक्रवार को 4.00 बजे जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने यूपीआई भुगतान पर लगाए गए अतिरिक्त आर्थिक बोझ के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर किया गया था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारी शिव कुमार वर्मा को ज्ञापन दिया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार आम लोगों को गुमराह कर रही है। उन्होंने दावा किया कि यूपीआई से जुड़े शुल्क को लेकर छोटे व्यापारी और किसान परेशान हैं। नेताओं ने कहा कि अगर यूपीआई भुगतान पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ता है, तो इसका असर धीरे-धीरे आम लोगों



पर भी पड़ेगा। इससे ग्राहकों, व्यापारियों और किसानों पर और ज्यादा बोझ बढ़ जाएगा।

ज्ञापन में मर्चेन्ट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) की व्यवस्था पर फिर से विचार करने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह पक्का किया जाना चाहिए कि किसी भी तरह के शुल्क का अप्रत्यक्ष बोझ ग्राहकों पर न पड़े। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की कि यूपीआई भुगतान पर लगाए गए अतिरिक्त आर्थिक बोझ को वापस लिया जाए। उन्होंने छोटे व्यापारियों और किसानों को पर्याप्त राहत देने और मर्चेन्ट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) की व्यवस्था को पूरी तरह लागू करने की भी मांग की।

## फैसला : सुल्तानपुर में जेल जा रहे पति से लिपटकर रोई पत्नी मां ने बेटे को दिए 500 रुपए

# छात्रा के हत्यारों को उम्रकैद, जिंदा जला दिया था

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सुल्तानपुर । सुल्तानपुर में चर्चित छात्रा श्रद्धा सिंह के 2 हत्यारों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। साथ ही दोनों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। फैसले के दौरान दोनों सिर झुकाए खड़े रहे। गुरुवार शाम 4:20 बजे फास्ट ट्रैक कोर्ट (FTC) सेकेंड ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट से निकलने के दौरान एक दोषी सुभाष को उसकी मां ने 500 रुपए दिए। इस पर सुभाष रोने लगा। वहीं, घूंघट ओढ़े पत्नी पति से लिपटकर रोने लगी। पति का हाथ पकड़कर बोली- मैं तुम्हें नहीं जाने दूंगी। पति के समझाने पर वह मानी। वहीं, छात्रा के पिता प्रदीप सिंह ने कहा- मेरे हिसाब से सजा कम है। फांसी होनी चाहिए थी। लेकिन, कोर्ट का फैसला स्वीकार है। मामला बल्दीराय थाना क्षेत्र का है।




फास्ट ट्रैक कोर्ट में पीड़ित पक्ष ने घटना साबित करने के लिए 12 गवाह पेश किए। एडीजीसी क्रिमिनल संजय सिंह और वादी पक्ष के अधिवक्ता शैलेंद्र पांडेय ने पैरवी की। बुधवार को अदालत ने सुभाष सिंह चौहान और जयकरन चौहान को दोषी करार दिया था।

जयकरन की अभी शादी नहीं हुई है। उसकी हाईकोर्ट ने 3 बार जमानत भी खारिज कर दी थी। वहीं सुभाष शादीशुदा है। उसके एक बेटा और एक बेटी हैं। उसकी भी हाईकोर्ट से 4 बार जमानत खारिज हो चुकी थी। दोनों की गिरफ्तारी 24 सितंबर, 2020 को हुई थी।

### लॉकअप में शांत खड़े रहे दोनों दोषी

कोर्ट ने दोनों दोषियों सुभाष और जयरकरन को उम्रकैद की सजा सुनाई, तो वे लॉकअप में शांत खड़े रहे। उनके वकील ने हाईकोर्ट में अपील करने की बात कहकर उन्हें जल्द छूट जाने का दिलासा दिया। सजा सुनाए जाने के बाद पुलिस जैसे ही सुभाष को लेकर बाहर निकली, तो पत्नी ने उसका हाथ पकड़ लिया। कंधे पर सिर रखकर रोने लगी और वो उसे छोड़ नहीं रही थी। पति ने उसे समझाकर हाथ छुड़ाया। इसके बाद पुलिस सुभाष को लेकर चली गई। इसके बाद पत्नी वहीं बेंच पर बैठकर फूट-फूटकर रोने लगी।

> **वादी के अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार पांडेय ने बताया- श्रद्धा सिंह हत्याकांड में सुभाष सिंह चौहान और जयकरन को दोषी ठहराया गया है। दोनों को उम्रकैद की सजा के साथ 50-50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।**

### तीसरे की फाइल स्टे, चौथे की चल रही अलग सुनवाई

मामले के एक अन्य आरोपी जगबरन यादव की फाइल पर हाईकोर्ट से स्टे है। इसलिए उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई नहीं हुई है। बताया गया है कि छात्रा ने मजिस्ट्रेट के सामने दिए बयान में उसका नाम नहीं लिया था। वहीं, एक अन्य आरोपी महंथ लंबे समय तक फरार रहा था। जुलाई- 2026 में पुलिस ने उसे देहली बाजार से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसकी सुनवाई अलग से चल रही है।

# गांव की बेटी काजल ने नीट में सफलता हासिल कर बढ़ाया गांव का मान

**अब राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में करेगी एमबीबीएस की पढ़ाई**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

कुलपहाड़ (महोबा)। मजबूत इरादे और कड़ी मेहनत के आगे आर्थिक तंगी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती। इसकी मिसाल ग्राम सतारी निवासी काजल पुत्री मिहीलाल अहिरवार ने पेश की है। मजदूरी और खेती का काम करने वाले पिता की बेटी काजल ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद NEET परीक्षा में सफलता हासिल कर राजकीय मेडिकल कॉलेज, उरई में MBBS में प्रवेश प्राप्त किया है। काजल की सफलता से जहां परिजन प्रसन्न हैं, वहीं उसके संरक्षक डॉ. अविनाश एवं उनकी पत्नी निरंजना भी बेहद खुश हैं। काजल की सफलता से गांव और उसके शिक्षण संस्थानों में भी खुशी का माहौल है।

### गांव के सरकारी स्कूल से शुरू हुआ सफर



काजल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्राम सतारी के प्राथमिक विद्यालय से कक्षा एक से आठ तक पूरी की। इसके बाद वह आगे की पढ़ाई के लिए कुलपहाड़ आई और डॉ. अविनाश एवं उनकी पत्नी निरंजना के संरक्षण में उनके मकान में रहकर अपनी शिक्षा जारी रखी। काजल ने कुलपहाड़ स्थित जनतंत्र इंटर कॉलेज से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। वर्ष 2023 में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण करने के बाद आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह किसी बड़े शहर में जाकर NEET की तैयारी कर सके।

### पीआरवी वाहनों से लेकर शस्त्रागार तक का निरीक्षण एसपी प्राची सिंह ने पुलिसकर्मियों की शारीरिक दक्षता परखी

# पुलिस लाइन में परेड की सलामी

**निर्देश**

- कैंटीन, परिवहन शाखा और शस्त्रागार देखा
- भोजनालय और बैरकों की व्यवस्थाएं परखीं
- आदेश कक्ष में रजिस्टरों की जांच



बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने परेड ग्राउंड पहुंचकर परेड की सलामी ली। इसके बाद पुलिस बल की शारीरिक दक्षता के लिए दौड़ कराई गई। उन्होंने टोलीवार परेड ड्रिल का निरीक्षण किया। आरक्षियों को परेड से संबंधित आवश्यक जानकारी दी और दिशा-निर्देश भी दिए।

परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों की ड्रिल और अनुशासन से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित कर्मियों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परेड कराने और आवश्यक निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित सीपीसी कैंटीन, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्ड और शस्त्रागार का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था और संबंधित अभिलेखों की स्थिति देखी गई। उन्होंने रजिस्टर और रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। क्वार्टर गार्ड और शस्त्रागार के निरीक्षण के दौरान संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा से जुड़े निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। इसके बाद पुलिस लाइन परिसर स्थित भोजनालय और बैरकों का निरीक्षण किया गया। यहां साफ-सफाई, रखरखाव और उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति देखी गई। निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

**पीआरवी वाहनों में उपकरणों की जांच**

परेड के बाद पुलिस अधीक्षक ने यूपी-112 के पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया। उन्होंने वाहनों में निर्धारित मानकों के अनुसार जरूरी उपकरणों की उपलब्धता और उनकी कार्यशीलता देखी। हेडलाइट, हूटर, इंडिकेटर और फर्स्ट एड किट समेत अन्य उपकरणों की स्थिति की जांच की गई।

उन्होंने संबंधित कर्मियों को पीआरवी वाहनों में सभी जरूरी उपकरण उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। साथ ही वाहनों का नियमित रखरखाव और उन्हें व्यवस्थित स्थिति में रखने को कहा, ताकि जरूरत के समय किसी तरह की कमी न रहे।

**पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों को तय समय में और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के लिए कहा गया।**

साप्ताहिक परेड के बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित आदेश कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न रजिस्टरों और अभिलेखों की जांच की। संबंधित कर्मियों से अभिलेखों के रखरखाव की जानकारी ली गई। उन्होंने सभी रजिस्टरों और अभिलेखों को अद्यतन और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

# यूपीआई शुल्क के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन प्रभारी मंत्री को सौंपी पूजन सामग्री

### अंबेडकरनगर में जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। UPI के चुनिंदा व्यापारी लेन-देन पर लागू होने वाले 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (MDR) के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के फैसले के विरोध में प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर को प्रधानमंत्री की सद्बुद्धि के लिए प्रतीकात्मक रूप से पूजन सामग्री भेंट की। प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि UPI का इस्तेमाल छोटे दुकानदारों से लेकर आम उपभोक्ताओं तक बड़ी संख्या में कर रहे हैं। ऐसे में व्यापारी लेन-देन पर MDR लागू होने से कारोबार की लागत बढ़ने की चिंता है। उन्होंने सरकार से व्यवस्था पर पुनर्विचार करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर को पूजन सामग्री भेंट की। इसे केंद्र सरकार से UPI शुल्क व्यवस्था पर पुनर्विचार और प्रस्ताव वापस लेने की मांग के प्रतीकात्मक तरीके के रूप में बताया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि UPI का इस्तेमाल लगातार बढ़ा है। इसलिए डिजिटल भुगतान व्यवस्था को आम लोगों और छोटे कारोबारियों के लिए सहज बनाए रखना जरूरी कांग्रेस नेताओं ने कहा कि डिजिटल भुगतान को सरल और सुविधाजनक माध्यम के रूप में बढ़ावा दिया गया है। ऐसे में शुल्क व्यवस्था लागू होने से व्यापारी और डिजिटल भुगतान से जुड़े कारोबार प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने सरकार से UPI को अधिकतम स्तर तक सुलभ बनाए रखने की मांग की। हालांकि, मौजूदा नियमों के अनुसार 0.4 प्रतिशत MDR 2,000 से अधिक के चुनिंदा Person-to-Merchant (P2M) लेन-देन पर लागू होगा। यह शुल्क व्यापारी पक्ष पर निर्धारित है। Person-to-Person यानी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को किए जाने वाले UPI भुगतान पर यह MDR लागू नहीं है।

**फास्ट न्यूज**

### अगस्त 2025 से भुगतान अटका

अंबेडकरनगर। बकाया वेतन और अन्य लंबित भुगतानों की मांग को लेकर सीएचओ वेलफेयर एसोसिएशन का सीएमओ कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को आठवें दिन भी जारी रहा। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) लंबे समय से लंबित भुगतान कराने की मांग कर रहे हैं। एसोसिएशन ने जल्द भुगतान नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है।

### 26 सितंबर को जलालपुर और आलापुर में लगेगी सचल ग्राम न्यायालय

अंबेडकरनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 26 सितंबर को जलालपुर और आलापुर तहसील क्षेत्र में सचल न्यायालय (मोबाइल कोर्ट) का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्थानीय स्तर पर विवादों के निस्तारण की सुविधा उपलब्ध कराना है। जलालपुर विकासखंड क्षेत्र में पंचायत भवन रुकुनपुर कासिमपुर में दोपहर 12 से तीन बजे तक सचल ग्राम न्यायालय लगेगा।

### अकबरपुर के आयुष तिवारी ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट 2026 परीक्षा

अंबेडकरनगर। अकबरपुर नगरपालिका में वरिष्ठ लेखाकार के पद पर कार्यरत ओंकार नाथ तिवारी के पुत्र आयुष तिवारी ने UGC-NET 2026 परीक्षा उत्तीर्ण की है। ग्राम चंदापुर रामबाबा निवासी आयुष की इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के लोगों ने भी उन्हें बधाई दी।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए 26 सितंबर तक लॉक करना होगा मास्टर डाटा

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। वित्तीय वर्ष 2026-27 की दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत शिक्षण संस्थानों को मास्टर डाटा अपडेट कर लॉक करना होगा। कक्षा 11-12 को छोड़कर दशमोत्तर कक्षाओं के लिए मास्टर डाटा लॉक करने की अंतिम तिथि 26 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। जिला समाज कल्याण विभाग ने इसके लिए संशोधित समय-सारिणी जारी की है। संस्थानों को मास्टर डाटा में संचालित पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार और कुल सीटों की संख्या दर्ज करनी होगी। इसके साथ सक्षम स्तर से निर्धारित शुल्क और पाठ्यक्रमवार एफिलिएटिंग एजेंसी या विश्वविद्यालय का नाम भी अंकित करना होगा। पहले से दर्ज जानकारी में बदलाव होने पर उसे भी अपडेट करना होगा। जानकारी पूरी करने के बाद संस्थान को मास्टर डाटा का डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणीकरण कर उसे लॉक करना होगा। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार छात्रवृत्ति संबंधी कार्यवाही आगे बढ़ेगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत्र कुमार सिंह ने संबंधित शिक्षण संस्थानों को संशोधित समय-सारिणी के अनुसार कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संस्थानों से छात्रवृत्ति से जुड़ी प्रक्रिया निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी करने को कहा है।

- कक्षा 11-12 को छोड़कर अन्य कक्षाओं के संस्थानों को समयसीमा में पूरी करनी होगी प्रक्रिया, समाज कल्याण विभाग ने जारी की संशोधित समय-सारिणी

# 2027 में पूर्वांचल में सपा का खाता नहीं खुलने देंगे: ओम प्रकाश राजभर

### जन अधिकार महारैली में पंचायती राज मंत्री ने सपा पर साधा निशाना

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। अकबरपुर के कटरिया बाग में गुरुवार को आयोजित जन अधिकार महारैली में पंचायती राज मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में अंबेडकरनगर ही नहीं, पूरे पूर्वांचल में सपा का खाता नहीं खुलने देंगे। उन्होंने भागीदारी पार्टी के साथ आने से पूर्वांचल में एनडीए गठबंधन की ताकत बढ़ने का दावा किया।

राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी डूबती नैया में सवार है। उन्होंने दावा किया कि अंबेडकरनगर में प्रजापति समाज के करीब दो लाख वोट हैं और यह समाज अब भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद्र प्रजापति के साथ जुड़ रहा है। उनके मुताबिक इसका असर आगामी विधानसभा चुनाव में दिखाई देगा।

डॉ. रत्नप्पा कुम्हार की जयंती के अवसर पर आयोजित रैली में राजभर ने कहा कि उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के साथ संविधान निर्माण में काम किया था। उन्होंने डॉ. रत्नप्पा कुम्हार को किसी एक जाति तक सीमित न मानकर सर्व समाज का महापुरुष बताया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रतिमा बाबा साहब के साथ स्थापित की जानी चाहिए। भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद्र प्रजापति ने कहा कि वंचित, शोषित, पिछड़े, अति पिछड़े, दलित और सर्व समाज को सामाजिक न्याय व समान भागीदारी दिलाना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की बात कही। साथ ही अंबेडकरनगर में सपा, बसपा और कांग्रेस के सामने पार्टी को मजबूत ताकत के रूप में खड़ा करने का दावा किया। प्रेमचंद्र प्रजापति ने दावा किया कि प्रजापति समाज का 90 प्रतिशत वोट भागीदारी पार्टी के साथ है। उन्होंने कहा कि पार्टी पूर्वांचल के साथ बुंदेलखंड, पश्चिमांचल और मध्यांचल में भी संगठन विस्तार कर रही है।

## शिवाला घाट पर जले ‘आशीर्वाद के दीये’, तमसा किनारे रोपे पौधे

### अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने किया दीप प्रज्वलन और वृक्षारोपण

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को नगर पालिका परिषद अकबरपुर ने शिवाला घाट स्थित पंडा टोला पर ‘आशीर्वाद का दीया’ कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत घाट और आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान से हुई। इसके बाद तमसा नदी के तट पर दीप प्रज्वलित किए गए। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने नदी किनारे पौधे भी लगाए। कार्यक्रम के तहत सुबह घाट और आसपास के स्थानों की सफाई की गई। इसके बाद तमसा तट पर दीप जलाए गए। नगर पालिका की ओर से कार्यक्रम में जनभागीदारी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम किए जा रहे हैं। शिवाला घाट पर सफाई, दीप प्रज्वलन और पौधरोपण इसी क्रम का हिस्सा है। सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सेवा, जनभागीदारी और विभिन्न सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राजमणि, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर हनुमान सिंह और बाबा राम शब्द यादव, सभासद जयराम भारती, सभासद प्रतिनिधि प्रिंस पाठक, प्रधान लिपिक अनूप सोनकर, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी जसवंत सिंह यादव, स्वच्छता प्रभारी इसराइल, ओम प्रकाश सुमन समेत अन्य नागरिक मौजूद रहे।

### त्रिवेणी संगम घाट पर दिखी रोशनी की छटा सेवा संकल्प अभियान के तहत हुआ दीप प्रज्ज्वलन

# 15 हजार से अधिक दीपों से जगमगाया श्रवण धाम



तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार शाम श्रवण धाम स्थित त्रिवेणी संगम घाट 15 हजार से अधिक दीपों से जगमगा उठा। शाम सात बजे आयोजित दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों और अन्य लोगों ने सहभागिता की। दीपों की रोशनी से घाट और आसपास का परिसर रोशन हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय, जिलाधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य विकास अधिकारी वैभव मिश्रा और भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप देव पटेल समेत अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के अन्य प्रमुख धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर भी दीप प्रज्ज्वलित किए गए। जहांगीरगंज में ब्रह्मचारी बाबा, रामनगर में अहिरौली गोविंद साहब, अकबरपुर में निहालदास बाबा कुटिया, भियांव में जगतदेव बाबा, जलालपुर में झारखंड बाबा मंदिर, टांडा में महादेव डुहिया, भीटी में काली चौरा मंदिर व शिव मंदिर और बसखारी में हंसवर दुर्गा मंदिर समेत विभिन्न स्थानों पर दीप जलाए गए। जिले में कुल 4 लाख 34 हजार 200 से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किए जाने की जानकारी दी गई। अभियान के तहत प्रमुख घाटों, मंदिरों, पार्कों, महाविद्यालयों और चिकित्सालयों में भी कार्यक्रम हुए।

**दीप प्रज्ज्वलन के बाद प्रभारी मंत्री, जिलाधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधियों ने श्रवण धाम परिसर में पौधरोपण किया।**

**दीपों के बीच योजनाओं की प्रदर्शनी का शुभारंभ**

श्रवण धाम में सूचना विभाग की ओर से प्रदेश स्तर पर संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली।

# हेमंत के छक्कों से बरसे रन सिद्धांत की गेंदबाजी ने दिलाई जीत

### 24 गेंदों में 59 रन बनाने वाले हेमंत और चार विकेट लेने वाले सिद्धांत चमके

- सड़क सुरक्षा सद्भावना कप में डॉक्टर्स इलेवन ने प्रधान संघ इलेवन को 56 रन से हराया

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। आराध्या श्री फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सड़क सुरक्षा सद्भावना कप में डॉक्टर्स इलेवन ने प्रधान संघ इलेवन अंबेडकरनगर को 56 रन से हरा दिया। जेएसआर क्रिकेट एकेडमी अकबरपुर के मैदान पर खेले गए मुकाबले में डॉक्टर्स इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में आठ विकेट पर 180 रन बनाए। जवाब में प्रधान संघ इलेवन की टीम आठ विकेट पर 124 रन ही बना सकी। डॉक्टर्स इलेवन के कप्तान डॉ. जीडी वर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। मध्यक्रम में उतरे हेमंत सिंह पालीवाल ने आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने सात छक्के और तीन चौकों की मदद से 24 गेंदों में 59 रन बनाए। डॉक्टर अभिनीत ने 18 गेंदों में तीन छक्के और तीन चौकों की मदद से 41 रन जोड़े। विकेटकीपर बल्लेबाज डॉक्टर साजन देव केसर ने 26 रन का योगदान दिया। प्रधान संघ इलेवन की ओर से विनय यादव ने तीन विकेट लिए। अमिताभ और अजय को दो-दो तथा मोहम्मद शरीफ को एक विकेट मिला। 180 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रधान संघ इलेवन की शुरुआत तेज नहीं रही। टीम के बल्लेबाज लगातार रन बनाने में सफल नहीं हो सके। डॉक्टर्स इलेवन के तेज गेंदबाज डॉक्टर सिद्धांत ने प्रभावी गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए। इससे प्रधान संघ इलेवन के मध्यक्रम पर दबाव बढ़ा और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। ओपनर विनय सिंह ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 45 रन बनाए। अंतिम ओवरों में आलोक ने 20 और राहुल ने 14 रन बनाकर टीम को लक्ष्य के करीब ले जाने का प्रयास किया, लेकिन प्रधान संघ इलेवन 16 ओवर में आठ विकेट पर 124 रन ही बना सकी।

## पेरियार की जयंती पर सामाजिक समानता और वैज्ञानिक सोच पर जोर

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। पाल सेवा संघ की ओर से बुधवार को बसखारी रोड स्थित अवध मैरिज लॉन में समाज सुधारक और चिंतक पेरियार ई.वी. रामासामी नायकर की 147वीं जयंती पर समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सामाजिक समानता, सम्मान और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

मुख्य अतिथि राज करन पाल ने पेरियार के सामाजिक सुधार आंदोलनों और विचारों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज में समानता और सम्मान की भावना मजबूत करना पेरियार के विचारों को आगे बढ़ाने का माध्यम है।

विशिष्ट अतिथि पुष्पा पाल ने कहा कि पेरियार ने जातिगत भेदभाव, सामाजिक असमानता और रूढ़िवादी सोच के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता और महिला अधिकारों से जुड़े उनके विचारों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संविधान के न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के मूल्यों को समाज तक पहुंचाने की जरूरत है। कार्यक्रम में राम नरेश पाल, राजेंद्र प्रसाद पाल, वंशराज पाल, अंगद पाल और अखिलेश पाल ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने पेरियार के सामाजिक न्याय और मानव गरिमा से जुड़े विचारों पर चर्चा की।

- बसखारी रोड स्थित अवध मैरिज लॉन में पाल सेवा संघ ने आयोजित किया समारोह, वक्ताओं ने सामाजिक भेदभाव और रुढ़िवादी सोच के खिलाफ विचार रखे

**मदद : मुंबई में काम करते थे बद्रीनाथ राजभर, निधन के बाद परिवार पर आया आर्थिक संकट**

# पिता की मौत के बाद रुकी 10 साल के ध्रुव की पढ़ाई

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। पिता की मौत के बाद आर्थिक संकट से जूझ रहे 10 वर्षीय ध्रुव राजभर की पढ़ाई फिर शुरू होगी। मरुई ताजपुर निवासी बद्रीनाथ राजभर की पैरालिसिस अटैक से मौत के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई थी। कक्षा पांच में पढ़ने वाले ध्रुव की पढ़ाई भी प्रभावित हो गई थी। इसकी जानकारी मिलने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष और नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य ने ध्रुव की शिक्षा का आजीवन खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली है। ध्रुव की पढ़ाई दोबारा शुरू कराने के लिए नजदीकी स्कूल में दाखिले की व्यवस्था भी की गई है। मौर्य ने परिवार को उसकी शिक्षा जारी रखने में आर्थिक सहयोग का भरोसा दिया। विवेक मौर्य इससे पहले सिझौली निवासी राकेश प्रजापति की बेटी नंदिनी प्रजापति की पढ़ाई में भी मदद कर चुके हैं। राकेश की मौत के बाद नंदिनी की शिक्षा प्रभावित हुई थी। मौर्य ने उसके सैनिक स्कूल में दाखिले और एक साल की फीस जमा कराने में सहयोग किया था। नारायण फाउंडेशन के माध्यम से जिले में सामाजिक कार्य भी किए गए हैं। अकबरपुर में गरीब परिवारों की 21 बेटियों का सर्वजातीय सामूहिक विवाह कराया गया। नवविवाहित जोड़ों को घरेलू उपयोग का सामान और गहने भी दिए गए। फाउंडेशन के अनुसार, अब तक 90 से अधिक बहन-बेटियों के विवाह में घरेलू सामान और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है।

**पिता की कमाई से चलता था परिवार**

बद्रीनाथ राजभर मुंबई में काम करते थे। उनकी कमाई से ही परिवार का खर्च चलता था। उनके निधन के बाद पत्नी और बेटे ध्रुव के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया। इसी वजह से ध्रुव की पढ़ाई भी रुक गई थी। जानकारी मिलने पर विवेक मौर्य ने परिवार से मुलाकात की। उन्होंने ध्रुव से उसकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उसकी शिक्षा का पूरा खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली। उन्होंने तत्काल आर्थिक सहायता देने के साथ स्कूल ड्रेस और पढ़ाई का सामान उपलब्ध कराने में भी मदद की।

# शिक्षामित्र रवीन्द्र नाथ यादव का दिल्ली में निधन

### रूनावे गांव में देर रात पहुंचा पार्थिव शव

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के रूनावे गांव निवासी शिक्षामित्र रवीन्द्र नाथ यादव का दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह प्राथमिक विद्यालय दुर्गेचीतपुर में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत थे। पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे रवीन्द्र नाथ का दिल्ली में उपचार चल रहा था। गुरुवार दोपहर उनकी मौत हो गई। देर रात पार्थिव शव गांव पहुंचा। मौत की खबर मिलते ही गांव और क्षेत्र में शोक छा गया। पत्नी गायत्री यादव, पुत्र आनंद यादव व अमित यादव और पुत्री प्रियंका यादव का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी कई बार बेसुध हो जा रही थीं।

सूचना पर सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षा विभाग से जुड़े लोग घर पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया। इनमें सामाजिक कार्यकर्ता मित्रसेन यादव, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय पांडेय, मंत्री रामकेवल यादव, योगेश मणि त्रिपाठी, यशवंत सिंह, देवेंद्र वर्मा, सभाजीत और पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अनिल यादव शामिल रहे।

खंड शिक्षा अधिकारी संतोष पांडेय के साथ हरिप्रसाद चतुर्वेदी, दीनदयाल सिंह, अनिल गौतम, ओंकार सिंह, राजेश सिंह, राकेश कुमार, अच्छेलाल, शैलेंद्र सिंह, अवधेश गौतम, हरिकेश, अमरेंद्र सिंह, अभिमन्यु, अभिषेक यादव और दीनदयाल यादव ने भी परिवार के प्रति संवेदना जताई।

# सम्पादकीय

## अमेरिका की मनमानी



आखिरकार अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने भी रूस से तेल आयात करने वाले भारत समेत पांच प्रमुख देशों पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने वाले बिल को स्वीकृति दे दी। इससे पहले सीनेट भी इस विधेयक को मंजूरी दे चुकी है। यदि अमेरिकी राष्ट्रपति इस पर हस्ताक्षर कर देते हैं तो भारत, चीन के अतिरिक्त हंगरी, स्लोवाकिया और अजरबैजान पर अमेरिकी टैरिफ और अधिक बढ़ जाएगा। देखना है कि यह सौ प्रतिशत होता है या उससे कम? देखना यह भी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति इस विधेयक पर हस्ताक्षर करते हैं अथवा उसे रूस से तेल खरीदने वाले देशों को केवल दबाव में लेने का जरिया बनाना चाहते हैं। जो भी हो, यदि अमेरिका भारत पर मनमाने तरीके से टैरिफ लगाता है तो अपने अहंकार का ही परिचय देगा। अमेरिकी राष्ट्रपति और उक्त विधेयक का समर्थन करने वाले पक्ष-विपक्ष के सांसदों का यह मानना है कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों को टैरिफ के जरिये दंडित करने से वह यूक्रेन के खिलाफ अपना युद्ध जारी रखने में असमर्थ हो जाएगा। यह सही है कि रूस यूक्रेन के खिलाफ एक अंतहीन और एक तरह से निरर्थक लड़ाई लड़ रहा है, लेकिन यह कहना समस्या का सरलीकरण ही है कि यह युद्ध भारत, चीन जैसे देशों के कारण जारी है। क्या यह विचित्र नहीं कि अमेरिका अपने ही द्वारा ईरान के खिलाफ छेड़े गए युद्ध को तो रोक नहीं पा रहा है और भारत, चीन आदि पर इसका दोष मढ़ रहा है कि वे यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखने में रूस की सहायता कर रहे हैं? यह अच्छा हुआ कि भारत ने अमेरिका की मनमानी का परिचय देने वाले विधेयक पर दो टूक कहा कि वह अपने ऊर्जा हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने यह कहने में भी संकोच नहीं किया कि वह अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए हरसंभव उपाय करेगा। इसका संकेत यही है कि यदि अमेरिका रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर सचमुच टैरिफ बढ़ाता है तो उसे इसका जवाब भी दिया जाएगा। यह संभव नहीं कि अमेरिका मनमानी करता रहे और भारत चुपचाप उसे सहता रहे। यदि अमेरिका ने अपना रवैया नहीं बदला तो भारत के साथ उसके संबंध और अधिक बिगड़ने तय हैं। यह भी संभव है कि अमेरिका के साथ होने वाला व्यापार समझौता अंतिम रूप न ले सके। अमेरिका को यह समझना होगा कि ताली एक हाथ से नहीं बजती। यदि वह भारत से संबंध सुधारना चाहता है तो उसे मित्रवत व्यवहार करना होगा। उसे इसका भी आभास होना चाहिए कि यदि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर दे तो एक तो उसके ऊर्जा हित खतरे में पड़ जाएंगे और दूसरे अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम और अधिक बढ़ जाएंगे। ध्यान रहे पश्चिम एशिया संकट के कारण ये पहले से ही बढ़े हुए हैं और यह संकट अमेरिका ने ही खड़ा किया है।



> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों के निर्माण, मरम्मत, नवीनीकरण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का व्यापक कार्य किया जा रहा है।

# सड़कों से समृद्धि की राह पर अग्रसर उत्तर प्रदेश



भारत में सड़कों का इतिहास आवागमन की सुविधा के साथ-साथ सभ्यता के विकास, आर्थिक समृद्धि, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामाजिक एकीकरण की जुबानी भी है। प्राचीन काल में जब आधुनिक अर्थों में सड़क निर्माण की तकनीक उपलब्ध नहीं थी, तब भी भारत में नगरों, ग्रामों, व्यापारिक केंद्रों और तीर्थस्थलों को जोड़ने के लिए व्यवस्थित मार्गों का निर्माण किया जाता था। मौर्यकाल में पाटलिपुत्र जैसे महत्वपूर्ण नगरों को दूरस्थ क्षेत्रों से जोड़ने वाले मार्ग विकसित हुए। सम्राट अशोक के समय यात्रियों की सुविधा के लिए मार्गों के किनारे वृक्षारोपण, कुओं और विश्राम स्थलों की व्यवस्था किए जाने के उल्लेख मिलते हैं। आगे चलकर शेरशाह सूरी द्वारा विकसित ग्रैंड ट्रंक रोड ने उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यही परंपरा आधुनिक भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों, एक्सप्रेसवे और चौड़ी एवं सुदृढ़ सड़कों के रूप में निरंतर आगे बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और विविधतापूर्ण राज्य के विकास में सड़कें जीवन रेखा का कार्य करती हैं। प्रदेश की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यहां पूर्वांचल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक तथा बुंदेलखंड से तराई क्षेत्र तक आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को गति देने के लिए मजबूत सड़क नेटवर्क आवश्यक है। वास्तव में सड़कें केवल दो स्थानों को जोड़ने का माध्यम ही नहीं हैं, बल्कि गांवों को बाजारों से, किसानों को मंडियों से, युवाओं को रोजगार के अवसरों से, उद्योगों को कच्चे माल और बाजारों से तथा तीर्थस्थलों को श्रद्धालुओं से जोड़ने वाला सशक्त आधारभूत ढांचा हैं। लोक निर्माण विभाग राज्य सरकार के महत्वपूर्ण विभागों में से एक है, जो सड़कों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत एवं रखरखाव, नदियों पर सेतु निर्माण तथा सरकारी भवनों के निर्माण और अनुरक्षण जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करता है। विगत वर्षों में सड़क नेटवर्क को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया है। यातायात को सुगम, सुरक्षित और तेज बनाने के उद्देश्य से राज्य योजना, राज्य सड़क निधि, धर्मार्थ योजना, औद्योगिक लॉजिस्टिक, केंद्रीय मार्ग निधि, विश्व बैंक परियोजना तथा एशियन विकास बैंक जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मार्गों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। उदाहरणार्थ, वर्ष 2017 से अब तक विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लगभग 29,949 किलोमीटर लंबाई में मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया है। यह उपलब्धि प्रदेश में सड़क अवसंरचना के व्यापक विस्तार और गुणवत्ता सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

केंद्रीय मार्ग एवं अवसंरचना निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2017-18 में 3,035 करोड़ रुपये की लागत से 117 प्रमुख जिला मार्गों एवं अन्य जिला मार्गों की 1,828 किलोमीटर लंबाई को दो लेन में चौड़ीकरण का कार्य किया गया और इन कार्यों को शत-प्रतिशत पूरा किया जा चुका है। इसी प्रकार वर्ष 2018-19 में 1,332 करोड़ रुपये की लागत से 54 प्रमुख जिला मार्गों एवं अन्य जिला मार्गों की 667 किलोमीटर लंबाई के चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण किया गया।

धर्मार्थ मार्गों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। प्रदेश में धार्मिक एवं पौराणिक स्थलों का महत्व केवल आस्था तक सीमित न होकर पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख केंद्रों के रूप में भी है। धर्मार्थ मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, नवनिर्माण एवं विकास से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलती है। वर्ष 2022-23 से अब तक धर्मार्थ विभाग की स्वीकृति से 424 कार्यों के लिए लगभग 1,728 किलोमीटर मार्ग लंबाई तथा 8,185.45 करोड़ रुपये की लागत स्वीकृत की गई है। इनमें 161 कार्य पूरे किए जा चुके हैं, जबकि शेष कार्य प्रगति पर हैं। औद्योगिक विकास की गति को तेज करने में भी सड़क संपर्क की महत्वपूर्ण भूमिका है। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाने तथा प्रदेश की औद्योगिक क्षमता को गति देने के लिए औद्योगिक और लॉजिस्टिक पार्कों को बेहतर सड़क कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जा रही है। औद्योगिक पार्कों और लॉजिस्टिक पार्कों को न्यूनतम दो लेन वाले मार्गों से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, ताकि उद्योगों के लिए माल की आवाजाही तेज और सुगम हो सके। वित्तीय वर्ष 2022-23 में इसके लिए नई मद सृजित की गई। वर्ष 2023-24 से अब तक 75 कार्यों के लिए लगभग 343.689 किलोमीटर लंबाई और 2,809.81 करोड़ रुपये की लागत स्वीकृत की गई है। इनमें 19 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा शेष कार्य प्रगति पर हैं। उत्तर प्रदेश के सड़क विकास में नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर का विकास भी महत्वपूर्ण है। प्रदेश में निर्मित अनेक राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेसवे पूर्व से पश्चिम की दिशा में संचालित होते हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास, सामाजिक एवं सामरिक दृष्टिकोण से नेपाल सीमा से जुड़े जनपदों तक बेहतर संपर्क स्थापित करने तथा प्रदेश के विभिन्न हिस्सों के बीच आवागमन को मजबूत करने के लिए उत्तर-दक्षिण दिशा में सड़क संपर्क का विस्तार आवश्यक है। यह प्रयास क्षेत्रीय संतुलित विकास और रणनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। सड़क निर्माण के साथ-साथ सड़कों को गड्ढामुक्त बनाए रखना भी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। गड्ढे केवल आवागमन की गति को प्रभावित नहीं करते, बल्कि वाहन चालकों और यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी चुनौती बन सकते हैं। इसी दृष्टि से गड्ढा मुक्त सड़क अभियान के माध्यम से सड़कों की नियमित मरम्मत, पैचवर्क और आवश्यकतानुसार सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया जाता है। सड़क के निर्माण के साथ उसका अनुरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि गुणवत्तापूर्ण सड़क वही है जो लंबे समय तक सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराए। गड्ढा मुक्त सड़कों का उद्देश्य केवल सड़क की सतह को बेहतर बनाना नहीं, बल्कि सुरक्षित यातायात, सुगम आवागमन और बेहतर जनसुविधा सुनिश्चित करना भी है। सड़क निर्माण की गति के साथ उसकी गुणवत्ता और पारदर्शिता पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। आधुनिक शासन व्यवस्था में केवल सड़क बनाना पर्याप्त नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, निर्धारित समय में पूरा हो और जनता के धन का उचित उपयोग हो। इसी उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल विकसित किए गए हैं, जिनके माध्यम से कार्यों की निगरानी और प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाई जा रही है। 10 लाख रुपये से अधिक लागत वाले कार्यों को ई-टेंडरिंग के माध्यम से कराया जा रहा है। विभाग की निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित करने के लिए ई-टेंडरिंग व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। इसके साथ ही बजट पंजीकरण, ई-एमबी, ई-बिलिंग, ई-डिमांड और ई-अलॉटमेंट जैसी प्रक्रियाओं को ऑनलाइन करने के लिए आधुनिक सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है। इससे सरकारी कार्यों में तकनीक के प्रयोग के साथ जवाबदेही भी बढ़ी है।

**आदर अदीब पावेल बन्धु**

# दोहरा मापदंड

आज के युग में चाल , चरित्र , चेहरा , हाव - भाव आदि जितने दोहरे होंगे वो आदमी दुनिया में श्रेष्ठ होगा क्यूँकि वो अपने कार्य को पूर्ण करने या सफलता प्राप्त करने आदि के लियें कभी भी , किसी भी समय , कही भी कार्य सिद्धी के लियें गिरगिट से भी तेज़ स्वार्थ की परीकाष्ठा में परिवर्तन कर सफलता प्राप्त कर लेता हैं । दुनिया में सफल आदमी कहलाता है । सफलता कैसे ,किस तरीक़े से ,कब , कहाँ आदि मिली वो मतलब नहीं बस सफल हैं वो सब जगह । आश्चर्य होता है यह सब देख-देख कर जीवन में दोहरा मापदंड। बड़े , बुज़ुर्ग पहले तो बच्चे को जीवन की पहली शिक्षा देते हैं की झूठ मत बोलना । लेकिन फिर वो ही बड़े घर में हर बात हर क्षण में बौलते है शरीर में गहना धारण कीये हुए के समान झूठ तो फिर देखा देखी में सीख जब पड़ जाती है बच्चों को भी यह आदत ।और उनकी इस आदत के लिए तब उसके लिए शुरू हो जाती है बच्चों की डाँट-डपट। उम्र भर बेईमानी व पग - पग पर झूठ बोलकर आदि की जाती है जो कमाई उसकी। रखवाली ,लगातार धार देने के लिए , बढ़ोतरी के लिए आदि चौकीदार चाहिए ईमानदार से ईमानदार भाई। और तो और दुनिया में दिखते ,दिखाते है अपने आपको धर्म-ध्यान में सबसे आगे - आगे व देखने ,समझने में तो संत प्रवचन श्रवण में नित मन लागे। पर घर तो और ही कुछ रुप देखने को लागे । घर में छोटी छोटी बात पर जमकर कोहराम मचा देवे । घर में चिड़चिड़ापन , ग़ुस्सा , निंदा - आलोचना , ऊँच - नीच , स्वार्थ सिद्धी वाला अच्छा - बिन स्वार्थ सिद्धी वाला या स्वार्थ सिद्धी में रुकावट वाला ख़राब हो जाता हैं । वहाँ होती हैं आत्मविश्वास की कमी । वहाँ दोहरा मापदंड खड़ी बन पहेली । आसानी से नहीं सुलझता यें ।अपने मस्तिष्क को उलझायें रखते हैं । क्यूँकि मन तो भटकता रहता इधर से उधर ।कहता हैं कुछ और करता हैं कुछ । अस्थिर बन रहता हैं जीवन दोहरा मापदंड से जों खड़ी करती हैं , कर देती हैं , नये का सृजन भी कर देती है अनेको समस्या । जब वह जीवन में अपने कार्य लगातार करते हैं तब बहुत बार उनका मन संशय व दुविधा से घिरा रहता है।

> प्रदीप छाजेड़

## किसी भी सार्वजनिक...

कुमार कृष्णन

# जेसीबी के सामने खड़ी वह महिला और विकास का सवाल

मधुबन के खेत में जब जेसीबी पहुंची तो उसके सामने कोई बड़ा नेता, कोई संगठन या कोई राजनीतिक मंच नहीं था। एक महिला थी। खेत में लगी फसल को मशीन से उजड़ते देख वह अकेली जेसीबी और पुलिस बल के सामने खड़ी हो गई। उसके पास न कोई पद था, न कोई राजनीतिक ताकत। उसके पास थी तो अपनी जमीन, अपनी फसल और उसे बचाने का साहस। शायद इस पूरे विवाद को समझने के लिए इससे बेहतर कोई दृश्य नहीं हो सकता। विकास की मशीन के सामने खड़ा एक किसान परिवार और उसके पीछे खड़ी पूरी जिंदगी। नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड के मधुबन और मोतनाजे गांवों में गंगा जलाशय परियोजना के लिए प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण का सवाल अब किसान महापंचायत तक पहुंच गया है। दस सितंबर को आयोजित महापंचायत में बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय ग्रामीण जुटे। किसानों ने भूमि अधिग्रहण, फसल के नुकसान, मुआवजे और अपने अधिकारों से जुड़े सवाल उठाए। उनका कहना है कि उन्हें पानी और विकास से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उनकी जमीन और आजीविका की कीमत पर विकास का रास्ता तय करने से पहले उनकी बात सुनी जानी चाहिए। महापंचायत



में राष्ट्रीय जनता दल के बक्सर सांसद और किसान नेता सुधाकर सिंह तथा गोविंदपुर के पूर्व विधायक मोहम्मद कामरान भी पहुंचे। दोनों नेताओं ने किसानों की समस्याएं सुनीं और उनके संघर्ष को समर्थन दिया। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी आवाज सदर से सदन तक उठाई जाएगी। महापंचायत में सुधाकर सिंह ने उस महिला को सम्मानित भी किया, जिसने जेसीबी और पुलिस बल के सामने खड़े होकर अपनी फसल बचाने की कोशिश की थी। यह सम्मान इसलिए महत्वपूर्ण है कि किसान आंदोलनों में महिलाओं की भूमिका अक्सर तस्वीर के किनारे चली जाती है। जबकि जमीन के साथ उनका रिश्ता केवल खेत में काम करने तक सीमित नहीं होता। खेत परिवार की खाद्य सुरक्षा है, बच्चों की पढ़ाई का सहारा है, संकट में बची हुई पूंजी है और घर की सामाजिक सुरक्षा भी। जमीन जाने का अर्थ इसलिए केवल एक संपत्ति का हस्तांतरण नहीं, बल्कि जीवन के एक पूरे ढांचे का बदल जाना है। यही कारण है कि मधुबन और मोतनाजे के किसानों के सवाल को केवल भूमि अधिग्रहण की प्रशासनिक प्रक्रिया के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। असली सवाल विकास की उस परिभाषा का है जिसमें एक तरफ बड़ी संख्या में लोगों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य है और दूसरी तरफ उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए जिन लोगों की जमीन ली जा रही है, उनके नुकसान को किस तरह समझा और मापा जा रहा है।

किसी भी सार्वजनिक परियोजना की सफलता का आकलन केवल उसके लाभार्थियों की संख्या से नहीं किया जा सकता। यह भी देखना पड़ता है कि परियोजना के लिए क्या लिया गया, किससे लिया गया और उसकी सामाजिक कीमत क्या रही। कितनी जमीन जाएगी? कितने परिवार प्रभावित होंगे? कितने घर और खेत आएंगे? कितनी फसल नष्ट होगी? खेती पर निर्भर भूमिहीन मजदूरों, बटाईदारों और दूसरे परिवारों पर क्या असर पड़ेगा? मुआवजे की राशि क्या होगी और उसका आधार क्या होगा? पुनर्वास कहां और किस रूप में होगा? इन सवालों के बिना विकास का हिसाब अधूरा है। किसान की सबसे बड़ी चिंता यह है कि कहीं मुआवजे को ही पुनर्वास न मान लिया जाए। जमीन की कीमत का भुगतान और जीवन का पुनर्निर्माण एक ही बात नहीं है। किसान को जमीन के बदले पैसा मिल सकता है, लेकिन पैसा खेत की तरह हर साल उत्पादन नहीं करता। जमीन उसकी पूंजी भी है और रोजगार भी। कुछ वर्षों में मुआवजे की राशि खर्च हो सकती है, लेकिन खेती से जुड़ी आजीविका पीढ़ियों तक चलती है। इसलिए पुनर्वास का अर्थ केवल विस्थापित परिवार को एक रकम देना नहीं, बल्कि उसके जीवन और आजीविका की निरंतरता सुनिश्चित करना होना चाहिए। यहीं से महापंचायत में उठे दूसरे सवाल भी महत्वपूर्ण हो जाते हैं।

## कलावती का ...

डॉ0 सीमा गुप्ता

# निराश्रित महिला पेंशनः स्वावलंबन और सामाजिक सुरक्षा का सशक्त आधार

कल्याणकारी शासन व्यवस्था में सामाजिक सुरक्षा केवल आर्थिक सहायता का वितरण नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की मानवीय गरिमा और सामाजिक संप्रभुता को सुरक्षित रखने का एक अनिवार्य संस्थागत दायित्व है। उत्तर प्रदेश सरकार के महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित 'पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना' वंचित एवं संकटग्रस्त महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक पुनर्वास तथा स्वावलंबन की दिशा में एक प्रभावी नीतिगत पहल सिद्ध हो रही है। यह योजना असहाय महिलाओं को विपरीत परिस्थितियों से उबारकर राज्य-समर्थित अधिकार के माध्यम से निरंतर वित्तीय संबल प्रदान कर रही है। जनपद शाहजहांपुर के विकासखंड ददरौल अंतर्गत ग्राम पंचायत घुसगवां की निवासिनी श्रीमती कलावती की जीवन यात्रा इस योजना के जमीनी प्रभाव और संवेदनशीलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। लगभग आठ वर्ष पूर्व कलावती के पति का असामयिक निधन हो गया था। परिवार के एकमात्र मुख्य अर्जनकर्ता के अचानक चले जाने से उनके समक्ष न केवल गहरा भावनात्मक आघात उत्पन्न हुआ, बल्कि समूचा परिवार गंभीर आर्थिक संकट और अनिश्चितता के भंवर में फंस गया।

ग्रामीण परिवेश में आय का कोई स्थायी स्रोत न होने के कारण कलावती के लिए घर का दैनिक खर्च चलाना, आवश्यक पोषण जुटाना और बच्चों की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करना एक विकट चुनौती बन चुका था। सामाजिक उपेक्षा और तात्कालिक आर्थिक विवशताओं के उस अत्यंत कठिन दौर में उन्हें परिवार के भरण-पोषण के लिए दूसरों पर निर्भर होने की आशंका सताने लगी थी।

ऐसे संकटपूर्ण समय में प्रदेश सरकार की निराश्रित महिला पेंशन योजना कलावती के लिए एक मजबूत जीवनरेखा बनकर सामने आई। जिला प्रशासन के स्थानीय तंत्र द्वारा पात्रता परीक्षण के उपरांत उन्हें योजना से आच्छादित किया गया। विगत लगभग आठ वर्षों से उन्हें बिना किसी व्यवधान के निरंतर पेंशन की धनराशि प्राप्त हो रही है। इस निश्चित आर्थिक सहायता ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन को स्थायित्व प्रदान किया।

पेंशन के रूप में प्राप्त होने वाली नियमित राशि से कलावती अपने घर का जरूरी राशन, आवश्यक दवाइयां और दैनिक जीवनोपयोगी वस्तुओं की सुगमता से व्यवस्था कर रही हैं। बीमारी की स्थिति में प्राथमिक उपचार और जीवनरक्षक दवाओं के लिए अब उन्हें किसी साहूकार या संबंधी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ता। इस सतत वित्तीय प्रवाह ने उन्हें आकस्मिक ऋण के दुष्चक्र में फंसने से सुरक्षित बचा लिया है।

कलावती का स्पष्ट कहना है कि नियमित पेंशन प्राप्त होने से उन्हें अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए किसी पर आश्रित नहीं रहना पड़ता। समय पर मिलने वाले इस आर्थिक संबल ने न केवल उनके घर की चूल्हा-चौकी को सहारा दिया, बल्कि उनमें समाज के बीच सिर उठाकर सम्मानपूर्वक जीवन जीने का आंतरिक आत्मविश्वास भी जागृत किया है। नीतिगत स्तर पर यह योजना संकटग्रस्त महिलाओं को याचना की स्थिति से बाहर निकालकर वित्तीय स्वायत्तता प्रदान करती है। योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 12,000 (अर्थात 1,000 प्रतिमाह) की वित्तीय सहायता सीधे लाभार्थी के खाते में उपलब्ध कराई जाती है।


## जरा हटके

## डेयरी क्षेत्र में बढ़ती...

निधि वर्मा

# डेयरी सेक्टर को मिल रही है रफ्तार

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में दूध एक महत्वपूर्ण उद्यम के रूप में उभर रहा है। प्रदेश सरकार इसे केवल दुग्ध उत्पादन तक सीमित रखने के बजाय कृषक समृद्धि, रोजगार, निवेश और आर्थिक विकास के बड़े क्षेत्र के रूप में विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। दूध के उत्पादन से लेकर उसके प्रसंस्करण, वैल्यू एडिशन, कोल्ड चेन और बाजार तक पूरी व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। इसी सोच के साथ प्रदेश के विभिन्न मंडलों में 'डेयरी कॉन्क्लेव-स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम' की श्रृंखला आगे बढ़ रही है। मेरठ, आगरा और बरेली के बाद झांसी में आयोजित इस समागम ने बुंदेलखंड सहित चित्रकूटधाम और कानपुर मंडल में डेयरी क्षेत्र की संभावनाओं को सामने रखा। दीन दयाल ऑडिटोरियम, झांसी में आयोजित कार्यक्रम में दुग्ध उत्पादकों, किसानों, डेयरी उद्यमियों, सहकारी संस्थाओं, निजी क्षेत्र और विशेषज्ञों ने भागीदारी करते हुए यह विचार रखा कि दूध उत्पादन नहीं, बल्कि दूध को बेहतर उत्पाद में बदलकर किसान की आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की पूरी प्रक्रिया की जाए। प्रदेश सरकार प्रदेश के झांसी, चित्रकूटधाम और कानपुर मंडल कृषि, पशुपालन और डेयरी के क्षेत्र में अपार संभावनाओं के दृष्टिगत इन क्षेत्रों को प्रदेश के प्रमुख डेयरी हब के रूप में विकसित किये जाने की कार्यवाही कर रही है। सरकार का लक्ष्य दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ दुग्ध प्रसंस्करण, वैल्यू एडिशन, कोल्ड चेन और डेयरी उद्योग की पूरी वैल्यू चेन को मजबूत करना है। इसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। दूध का बेहतर मूल्य मिलने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। डेयरी उद्योग उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। 'स्वदेशी उन्नत गोवंश, समृद्ध निवेश, सुरक्षित भविष्य एवं खुशहाल उत्तर प्रदेश' के संकल्प को जन आंदोलन बनाने का कार्य किया जा रहा



है। प्रदेश में डेयरी विकास को गति देने के लिए नन्द बाबा दुग्ध मिशन और दुग्ध प्रोत्साहन नीति-2022 महत्वपूर्ण आधार बन रहे हैं। इन योजनाओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादन, आधुनिक डेयरी गतिविधियों और किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्य है। राज्य सरकार किसानों को सुनिश्चित बाजार, पारदर्शी मूल्य निर्धारण और स्थायी आय उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। झांसी, चित्रकूटधाम और कानपुर मंडल में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के तहत अब तक लगभग 1,200 लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 1,100 लाख रुपये से अधिक का अनुदान दिया जा चुका है। वहीं दुग्ध प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत इन मंडलों में विभिन्न परियोजनाओं के लिए लगभग 1,350 लाख रुपये की अनुदान राशि अवमुक्त की गई है।

डेयरी क्षेत्र में बढ़ती कारोबारी संभावनाओं का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दुग्ध विकास विभाग को अब तक करोड़ों रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। झांसी, चित्रकूटधाम और कानपुर मंडल से ही करोड़ों रुपये के निवेश प्रस्ताव सामने आए हैं। यह निवेश केवल डेयरी इकाइयों की स्थापना तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे दूध के प्रसंस्करण, उत्पादों में विविधता, आधुनिक तकनीक, भंडारण, विपणन और कोल्ड चेन जैसी व्यवस्थाओं के विस्तार की संभावनाएं भी बढ़ रही हैं।

समागम में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के लाभार्थियों ने अपने अनुभव और सफलता की कहानियां साझा कीं। इन कहानियों ने यह दिखाया कि योजनाओं का प्रभाव तब और व्यापक हो सकता है, जब किसान पारंपरिक पशुपालन के साथ आधुनिक तकनीक, बेहतर नस्ल, वैज्ञानिक प्रबंधन और बाजार की जरूरतों को अपनाएं। वेटरनरी कॉलेज, आर.एल.बी.सी.यू. झांसी, बांदा कृषि विश्वविद्यालय और कान्हा गौशाला से जुड़े विशेषज्ञों ने भी विभिन्न विषयों पर जानकारी साझा की। इससे पशुपालकों और डेयरी से जुड़े लोगों को उत्पादन, पशु प्रबंधन और आधुनिक डेयरी व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं को समझने का अवसर मिला। इस आयोजन में विभागीय स्टॉल के साथ पराग, बलिनी, सामर्थ्य, स्टेलर इंडिया, अप्रा डेयरी, नमस्ते इंडिया, भोले बाबा और इंडियन बैंक सहित विभिन्न निजी एवं सहकारी संस्थाओं ने अपने स्टॉल लगाए। यहां डेयरी उत्पादों, आधुनिक तकनीकों और वित्तीय सेवाओं का प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न जनपदों की 22 प्रारम्भिक बहुउद्देशीय दुग्ध सहकारी समितियों के निबंधन के बाद उनके प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। इससे स्थानीय स्तर पर दुग्ध उत्पादकों को संगठित करने और सहकारी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक नई पहल को गति मिली। बुंदेलखंड को अक्सर पानी और कृषि की चुनौतियों से जोड़कर देखा जाता रहा है, लेकिन पशुपालन और डेयरी यहां ग्रामीण आय का एक महत्वपूर्ण आधार बन रहे हैं। झांसी और आसपास के क्षेत्रों में डेयरी गतिविधियों को आधुनिक तकनीक, निवेश और बाजार से जोड़ने की व्यापक संभावनाएं हैं। उत्पादन के साथ प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन की सुविधाएं स्थानीय स्तर पर विकसित होने से किसान केवल कच्चे दूध के विक्रेता न रहकर दुग्ध उत्पादों की पूरी मूल्य श्रृंखला के सहभागी बन रहे हैं। यही बदलाव ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूत और टिकाऊ बनायेगा।

उत्तर प्रदेश में डेयरी क्षेत्र को लेकर सामने आ रहे निवेश प्रस्ताव, सरकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों को मिल रहा सहयोग और सहकारी संस्थाओं का विस्तार इस परिवर्तन को दिशा दे रहे हैं। आने वाले समय में उन्नत गोवंश, गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादन, आधुनिक प्रसंस्करण, निवेश और मजबूत बाजार व्यवस्था के साथ प्रदेश का डेयरी सेक्टर ग्रामीण समृद्धि का महत्वपूर्ण इंजन बन रहा है और यही उस बड़े संकल्प की दिशा है स्वदेशी उन्नत गोवंश से समृद्ध निवेश तक और किसान की आय से उत्तर प्रदेश खुशहाल प्रदेश बनेगा।

## लखनऊ हाईकोर्ट ने पूछा- हलफनामा क्यों नहीं दिया, शिकायतकर्ता बोला- हमसे गलती हुई

# आईएएस अभिषेक प्रकाश की विजिलेंस जांच नहीं होगी

**रद्द**


अभिषेक प्रकाश, IAS (2006 बैच)

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ हाईकोर्ट ने IAS अफसर अभिषेक प्रकाश के खिलाफ शुरू की गई विजिलेंस जांच रद्द कर दी है। जस्टिस राजीव सिंह ने गुरुवार को उनकी याचिका मंजूर करते हुए 20 और 28 मार्च 2025 के सरकारी आदेशों के आधार पर शुरू हुई जांच की कार्रवाई निरस्त कर दी। अभिषेक प्रकाश औद्योगिक विकास विभाग के सचिव और इन्वेस्ट यूपी के CEO रह चुके हैं।

मामला एक कंपनी के अधिकारी की 20 मार्च 2025 की शिकायत से जुड़ा था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि इन्वेस्ट यूपी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने उन्हें निकांत जैन का मोबाइल नंबर दिया था। आरोप के मुताबिक, प्रोजेक्ट को कमेटी और कैबिनेट से मंजूरी दिलाने के लिए निकांत जैन ने प्रोजेक्ट की 5% रकम मांगी थी। 12 मार्च की बैठक में जमीन और बिजली सब्सिडी की जानकारी नहीं मिलने पर कंपनी से और जानकारी मांगी गई। इसके बाद 25 मार्च की बैठक में कंपनी के प्रस्ताव को हाई लेवल एम्पावर्ड कमेटी के सामने रखने की सिफारिश की गई। अभिषेक प्रकाश की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने कोर्ट को बताया कि कंपनी का प्रोजेक्ट पहले से मूल्यांकन समिति के पास था। 25 मार्च की बैठक में इसे हाई लेवल एम्पावर्ड कमेटी के सामने रखने की सिफारिश भी की गई थी। शिकायतकर्ता ने बाद में हलफनामा देकर शिकायत को गलतफ-हमी का नतीजा बताया था।

> **कोर्ट ने कहा कि जब शिकायतकर्ता खुद शिकायत को गलतफहमी बता चुका है, तो उसके आधार पर आगे की कार्रवाई का आधार भी खत्म हो जाता है। इसी आधार पर कोर्ट ने अभिषेक प्रकाश के खिलाफ विजिलेंस जांच और उससे जुड़े सरकारी आदेश रद्द कर दिए।**

### निकांत जैन के खिलाफ एफआईआर भी बाद में रद्द हो गई

शिकायत के आधार पर निकांत जैन के खिलाफ FIR दर्ज की गई थी। वहीं, अभिषेक प्रकाश के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने के साथ विजिलेंस जांच के लिए भी पत्र भेजा गया। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने यह भी देखा कि शिकायत के साथ कोई शपथपत्र नहीं दिया गया था।

बाद में कंपनी के अधिकारी बिस्वजीत दत्ता ने कोर्ट में दाखिल जवाब में कहा कि 20 मार्च की शिकायत गलतफहमी में की गई थी। उन्होंने बताया कि उस समय उन्हें जमीन की उपलब्धता और दूसरे मुद्दों पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (YEIDA) और उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (UPPCL) की रिपोर्ट का इंतजार होने की जानकारी नहीं थी।

उन्होंने यह भी बताया कि निकांत जैन को कोई पैसा नहीं दिया था। कंपनी ने 3 दिसंबर 2024 को इन्वेस्ट यूपी में सोलर सेल और सोलर मॉड्यूल बनाने की यूनिट लगाने का प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव पर 24 फरवरी, 12 मार्च और 25 मार्च 2025 को मूल्यांकन समिति की बैठक हुई।


निकांत जैन

### ग्रुप-ए अफसरों की शिकायत में शपथपत्र जरूरी

सुनवाई में सामने आया कि 1997 के शासनादेश के तहत ग्रुप-ए अधिकारियों के खिलाफ शिकायत के साथ शपथपत्र जरूरी है। इसका उद्देश्य अधिकारियों को झूठी शिकायतों के आधार पर परेशान होने से बचाना है। कोर्ट ने पाया कि अभिषेक प्रकाश के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू होने के बावजूद उसका नतीजा आने का इंतजार नहीं किया गया। मामला विजिलेंस को भेज दिया गया। साथ ही, स्टेट विजिलेंस कमेटी की जरूरी मंजूरी भी नहीं ली गई।

# लखनऊ में अमेरिकियों को ठगने वाले 16 लोग पकड़े गए

## पुलिस चौकी के बगल में चलाते थे कॉल सेंटर

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ। लखनऊ में अमेरिकी नागरिकों को ऑनलाइन ठगने वाले 16 लोग पकड़े गए हैं। इन लोगों ने पुलिस चौकी के बगल की बिल्डिंग में ही ऑफिस खोल रखा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस ऑफिस (कॉल सेंटर) का संचालक गुजरात का रहने वाला है।

इन लोगों के टारगेट अमेरिकी नागरिक थे, जिन्हें ये कॉल पर तकनीकी मदद देने के बहाने झांसे में लेते थे। शुक्रवार सुबह पुलिस को अलीगंज इलाके में मॉर्निंग गश्त के दौरान कॉल सेंटर चलने की जानकारी मिली। यह कपूरथला पुलिस चौकी से चौथी बिल्डिंग पर रिध्या प्लाजा में खुला था।

गश्त पर पूछताछ के दौरान पुलिस को आसपास के लोगों ने बताया कि इस कॉल सेंटर के कर्मचारियों की गतिविधियां संदिग्ध लगती हैं। इनके पास कोई आई-कार्ड भी नहीं रहता। ऑफिस ज्यादातर रात में खुलता है। पुलिस ने सेंटर के अंदर जाकर पड़ताल की तो 4 महिलाएं समेत 16 लोग पकड़े गए। डीसीपी नॉर्थ अमित कुमार आनंद ने बताया कि पुलिस की मॉर्निंग गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा। उससे पूछताछ के आधार पर अलीगंज थाना क्षेत्र के कपूरथला स्थित नॉवेल्टी सिनेमा के पास रिध्या प्लाजा बिल्डिंग में छापेमारी की गई। शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह गिरोह अमेरिका के लोगों को निशाना बनाता था।

# गर्लफ्रेंड से वीडियो कॉल कर कनपटी पर गोली मारी

## प्रेमी ने पहले कोल्डड्रिंक में जहर मिलाकर पीया

**तमसा संकेत, एजेंसी**


करन यादव मृतक

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ में एक युवक ने गर्लफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बात करते हुए सुसाइड कर लिया। वह बाइक से जंगल की तरफ गया। वहां कोल्डड्रिंक में जहर मिलाकर पीया, फिर कनपटी पर पिस्टल से गोली मार ली। युवक की बाइक भी वहीं पर खड़ी मिली। उसने दोस्तों को भी वॉट्सएप पर बताया था कि अब तुम लोगों से कभी बात नहीं कर पाऊंगा।

उसकी कनपटी पर गोली लगने का निशान था, मुंह से झाग निकल रहा था। पुलिस ने युवक को अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बिजनौर इलाके की शुक्रवार दोपहर की है। युवक की पहचान रायसिंह खेड़ा में रहने वाले करन यादव (25) के रूप में हुई।

करन वृंदावन कॉलोनी में एक व्यक्ति की कार चलाता था। सुबह करीब 9 बजे वह ड्यूटी पर जाने की बात कहकर घर से बाइक से निकला। दोपहर करीब 1 बजे वह जालिम खेड़ा गांव के पास जंगल में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। उसकी बाइक सड़क किनारे खड़ी थी, जबकि वह सड़क से 100 मीटर अंदर जंगल में पड़ा था।

उसके मुंह से झाग निकल रहा था। बाईं कनपटी पर गोली का निशान था, जिससे खून बह रहा था। पास में एक पिस्टल भी पड़ी थी। पुलिस को मौके से पानी और कोल्डड्रिंक की खाली बोतलें, एक डिस्पोजल गिलास और दवा की 2 खुली शीशियां मिली हैं।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

दुबग्गा । लखनऊ के पारा में बुद्धेश्वर चौराहे के पास मंगलवार तड़के एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया था। पुलिस के अनुसार, बीकेटी थाना क्षेत्र के अस्तल रैथा गांव के रहने वाले दीपक वर्मा अपने दोस्त अभिषेक कुमार कश्यप के साथ बंधरा से घर लौट रहे थे। वे हीरो स्प्लेंडर बाइक (UP32LB8759) पर सवार थे। मंगलवार तड़के करीब 3:30 बजे बुद्धेश्वर चौराहे के पास हनुमन्त टाइल्स के सामने विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक (UP32NM8297) ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वहां राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पारा पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस से दोनों को मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर भेजा।

## मायावती बोलीं- स्पेशल कंपोनेंट के तहत था अतिरिक्त आरक्षण, स्कूलों की जर्जर हालत पर भी घेरा

# मेडिकल कॉलेजों के एससी आरक्षण को लेकर एससी जाए सरकार

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश के चार मेडिकल कॉलेजों में एससी वर्ग के लिए अतिरिक्त आरक्षण पर हाईकोर्ट की रोक के बाद योगी सरकार से सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सहारनपुर, अंबेडकरनगर, कन्नौज और जालौन के मेडिकल कॉलेज स्पेशल कंपोनेंट प्लान के तहत बनाए गए हैं। ऐसे में एससी वर्ग के लिए अतिरिक्त आरक्षण को 50% के सामान्य आरक्षण से अलग माना जाना चाहिए था।

मायावती ने कहा कि यदि राज्य सरकार ने कोर्ट में इस पक्ष की पुरजोर पैरवी की होती कि स्पेशल कंपोनेंट प्लान के धन का इस्तेमाल एससी समाज के हित और कल्याण के लिए किया गया है और अतिरिक्त आरक्षण उसी उद्देश्य की पूर्ति करता है, तो कोर्ट इस पर सकारात्मक विचार कर सकता था।

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने उत्तर प्रदेश के चार सरकारी मेडिकल कॉलेजों अम्बेड-करनगर, कन्नौज, सहारनपुर व जालौन में नीट-यूजी दाखिलों के लिए लागू करीब 91% आरक्षण व्यवस्था पर अंतरिम रोक लगा दी है।

### यूपीआई शुल्क पर भी सरकार को घेरा

मायावती ने UPI डिजिटल लेनदेन पर 15 अक्टूबर से लागू होने वाली शुल्क व्यवस्था को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले सरकार ने UPI और डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा दिया और अब उसी लेनदेन पर शुल्क वसूलने की नई व्यवस्था की जा रही है। उनके मुताबिक, इस व्यवस्था को चाहे जिस नाम से पुकारा जाए, इसका अतिरिक्त आर्थिक बोझ अंततः आम जनता की जेब पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश की बड़ी आबादी पहले ही गरीबी और महंगाई से परेशान है। बच्चों के सामने शिक्षा, रोजगार और अन्य समस्याएं हैं। ऐसे में सरकार की नीतियां लाभ कमाने वाली व्यावसायिक व्यवस्था की बजाय कल्याणकारी होनी चाहिए।

कोर्ट ने काउंसलिंग पूरी तरह रोकने के बजाय अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेजों की तरह 21% एससी (SC), 2% एसटी (ST) और 27% ओबीसी (OBC) आरक्षण के आधार पर काउंसलिंग प्रक्रिया आगे बढ़ाने की अनुमति दी है।




### सुप्रीम कोर्ट में तुरंत सरकार को अपील करना चाहिए

उन्होंने कहा कि अब हाईकोर्ट ने इस व्यवस्था पर रोक लगा दी है और इसका असर मेडिकल दाखिले पर भी पड़ रहा है। ऐसे में यूपी सरकार को तत्काल सुप्रीम कोर्ट में अपेक्षित राहत के लिए अपील करनी चाहिए। हाईकोर्ट ने 17 सितंबर को चारों मेडिकल कॉलेजों में करीब 91% आरक्षण की व्यवस्था पर रोक लगाते हुए सामान्य सरकारी मेडिकल कॉलेजों में लागू आरक्षण के आधार पर काउंसिलिंग जारी रखने की अनुमति दी थी।

## प्रदेश के 17 नगर निगमों में लखनऊ की सबसे अधिक वसूली, 3967 आवेदन प्राप्त

# ओटीएस में लखनऊ नगर निगम सबसे आगे

**तमसा संकेत, संवाददाता**



> **ओटीएस योजना के तहत सरकारी विभागों की ओर से भी आवेदन किए जा रहे हैं। विद्युत विभाग ने अपने सभी भवनों के लिए ओटीएस योजना के तहत आवेदन किया है। इससे सरकारी संपत्तियों से संबंधित लंबित कर मामलों के निस्तारण में भी तेजी आने की उम्मीद है।**

लखनऊ। एकमुश्त समाधान योजना (OTS) के तहत गृहकर वसूली में लखनऊ नगर निगम प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों में सबसे आगे है। लखनऊ नगर निगम ने अब तक 6.50 करोड़ रुपये की गृहकर वसूली की है। योजना के तहत बड़ी संख्या में बकायेदार आवेदन कर रहे हैं और नगर निगम स्तर पर आवेदनों के निस्तारण की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। लखनऊ नगर निगम में अब तक OTS योजना के तहत 3967 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 3723 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं। वहीं 5 आवेदन निरस्त किए गए हैं, जबकि 239 आवेदन अभी प्रक्रिया में हैं। OTS योजना के तहत पात्र बकायेदारों के लिए 14 नवंबर 2026 तक आवेदन करने का अवसर उपलब्ध है। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदनों का निस्तारण और भुगतान की कार्रवाई की जाएगी। मा० महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे अंतिम समय का इंतजार न करते हुए जल्द आवेदन करें और योजना का लाभ लें। OTS योजना के लिए नागरिक ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। इसके लिए निर्धारित OTS पोर्टल www.upulbots.in पर जाकर आवेदन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। आवेदन की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए इसे चरणबद्ध तरीके से रखा गया है।

### ऑफलाइन आवेदन के लिए जोनल हेल्पडेस्क

ऑनलाइन के अलावा ऑफलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है। नगर निगम के सभी आठ जोन में OTS हेल्पडेस्क स्थापित किए गए हैं। यहां नागरिक योजना से संबंधित जानकारी और आवेदन प्रक्रिया में सहायता प्राप्त कर सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन जमा करने पर आवेदक को हस्ताक्षर और मुहर वाली रिसीविंग भी उपलब्ध कराई जाएगी।

नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर OTS सॉफ्टवेयर और योजना की प्रक्रिया को लेकर नगर निगम मुख्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। प्रशिक्षण मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्री अशोक सिंह और श्री विनय कुमार राय की अध्यक्षता में हुआ था। इसमें सभी जोन के टैक्स सुपरिंटेंडेंट और कर्मचारी शामिल हुए थे।

### 15 दिसंबर तक योजना की अवधि

एकमुश्त समाधान योजना के तहत पात्र बकायेदारों को लंबित गृहकर, जलकर और सीवरकर के भुगतान पर शासनादेश के अनुसार ब्याज और सरचार्ज में छूट का प्रावधान है। योजना की समग्र अवधि 15 अगस्त से 15 दिसंबर 2026 तक निर्धारित है। नगर निगम की ओर से लोगों से समय रहते आवेदन और भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने की अपील की जा रही है।

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को नई गति, यूपी बनेगा देश का प्रमुख फूड प्रोसेसिंग हब

> **खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश, नवाचार और रोजगार को बढ़ावा देकर यूपी को प्रमुख फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही डबल इंजन सरकार : केशव**

### उत्तर प्रदेश को खाद्य प्रसंस्करण का अग्रणी हब बनाने के लिए कटिबद्ध डबल इंजन सरकार : केशव प्रसाद मौर्य

**तमसा संकेत, संवाददाता**




लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ स्थित रेगलिया ग्रीन्स निकट- 1090 चौराहा लखनऊ में इंडिया फूड एक्सपो-2026 के 11वें संस्करण का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने प्रदर्शनी में विभिन्न कंपनियों एवं उद्यमियों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कार्य कर रहे उद्यमियों और महिला उद्यमियों से संवाद कर उनके उत्पादों, व्यवसाय, उत्पादन प्रक्रिया तथा अनुभवों की जानकारी प्राप्त की। तीन दिवसीय इंडिया फूड एक्सपो-2026 का आयोजन 18 से 20 सितम्बर तक किया जा रहा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार निवेश, नवाचार और तकनीकी विकास को बढ़ावा देते हुए उत्तर प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को नई गति प्रदान कर रही है। कृषि उपज के मूल्यवर्धन के साथ किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में निवेश एवं उद्योगों के विस्तार, रोजगार सृजन तथा स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की अपार संभावनाएं हैं। हमारा प्रयास है कि कृषि और उद्योग के बेहतर समन्वय से उत्तर प्रदेश को खाद्य प्रसंस्करण का प्रमुख केंद्र बनाया जाए। खाद्य प्रसंस्करण से कृषि उत्पादों को बेहतर मूल्य मिलता है, किसानों को बाजार से जोड़ने के अवसर बढ़ते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं उद्यमिता को गति मिलती है।

# राजधानी में महिला की गला रेतकर हत्या

## शव से 5 फीट दूर मिला सब्जी काटने वाला चाकू

**तमसा संकेत, एजेंसी**


छेदाना मृतक

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के बंथरा में 70 साल की महिला की घर में गला रेतकर हत्या कर दी गई। वह घर में अकेली रहती थीं। सुबह दूध देने पहुंची महिला ने खून से लथपथ शव देखा। घर के दोनों गेट अंदर से बंद थे, जबकि छत का दरवाजा खुला मिला। पुलिस को शक है कि हत्यारा छत के रास्ते भागा होगा।

मौके से दो चाकू भी मिले हैं। शव से करीब 5 फीट दूर जमीन पर सब्जी काटने वाला एक चाकू पड़ा मिला। वहीं, दूसरा चाकू मृतका की चारपाई पर तकिए के नीचे मिला। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। डीपीसी साउथ मोहम्मद मुस्ताक ने कहा-घर के सभी सामान व्यस्थित पाए गए हैं। ऐसा लग रहा है कि छत के रास्ते घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया गया। हत्या की धारा में अज्ञात पर मुकदमा लिखा गया है। खुलासे के लिए पुलिस की 4 टीमें बनाई गई हैं। जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा। खुर्रमपुर गांव में छेदाना अकेली रहती थीं। उनके पति शंकरलाल की 6 साल पहले मौत हो चुकी है। उनकी दो बेटियां राम जानकी और अर्चना हैं। दोनों की शादी हो चुकी है। राम जानकी बालागंज और अर्चना ठाकुरगंज में अपनी ससुराल में रहती हैं।

**निर्देश : बैठक का संचालन श्री संजय कुमार, सहायक विपणन अधिकारी, लखनऊ ने किया**

# निर्यात क्लस्टर बनाकर आम का निर्यात बढ़ाने के मण्डलायुक्त ने दिये निर्देश



### मण्डल लखनऊ से कृषि निर्यात बढाने को हुआ मंथन मलिहाबादी दशहरी (जी0आई0 उत्पाद) को ओ0डी0ओ0पी0 में किया जायेगा शामिल

**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ । उ0प्र0 कृषि निर्यात नीति के अन्तर्गत गठित मण्डल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त ने लखनऊ में आम के निर्यात क्लस्टर का गठन कर आम निर्यात बढ़ाने हेतु कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार तथा उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से आम उत्पादन में निर्यात गुणवत्ता के आम का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपनाये जाने वाले उपायों की एस0ओ0पी0 बनाकर आम उत्पादकों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता बतायी साथ ही सफल निर्यात की 'सक्सेस स्टोरी' बनाकर हितधारकों को प्रोत्साहित किया जाना अपेक्षित किया गया। उपस्थित निर्यातकों ने लखनऊ एयरपोर्ट पर फ्लाइट में पर्याप्त स्पेस न मिलने की समस्या से अवगत कराया, जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा एयरलाइन्स के साथ वार्ता कर समाधान करने का आश्वासन दिया गया। मण्डलायुक्त द्वारा मलिहाबादी दशहरी आम को ओ0डी0ओ0पी० में सम्मिलित करने हेतु एम0एस0एम0ई0 विभाग से समन्वय कर कार्यवाही के निर्देश दिये। बैठक का संचालन श्री संजय कुमार, सहायक विपणन अधिकारी, लखनऊ ने किया।

> **आयातक देशों के मानकों के अनुसार पेस्टीसाइड रेजीड्यू अनुपालन के लिए कृषि उत्पादकों को आई0पी0एम0 का प्रशिक्षण दिलाये जाने, उन्नाव में पैक हाउस बनवानें की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिये गये।**

# वाराणसी में 7 जिलों के 47 जुआरी बंधपत्र पर छूटे

## पुलिस गैंगस्टर एक्ट लगाने की तैयारी कर रही थी

**तमसा संकेत, एजेंसी**



वाराणसी । वाराणसी के सिगरा थाना क्षेत्र के रथयात्रा इलाके में बंद मकान के अंदर चल रहे बड़े जुए के अड्डे पर छापेमारी कर 47 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। एसओजी-2 और सिगरा पुलिस की कार्रवाई में लाखों रुपये की नकदी, मोबाइल और वाहन भी बरामद किए गए। पुलिस ने सभी को जेल भेजने की तैयारी की थी, लेकिन गुरुवार को एसीजेएम-4 की अदालत ने सभी को 20-20 हजार रुपये के बंधपत्र पर रिहा कर दिया। कार्रवाई के बाद डीसीपी क्राइम नीतू कादयान ने कहा था कि जुए के इस नेटवर्क पर संगठित अपराध और गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी, ताकि आरोपी आसानी से बाहर न निकल सकें। हालांकि, इस मामले में सिगरा पुलिस ने फिलहाल सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को उसी मामले में कोर्ट में पेश किया। इसमें जुआ खेलवाने के मास्टरमाइंड रोशन और रफीक भी शामिल हैं। जिन्हे फौरन ही जमानत मिल गई। बता दें की इस जुए के अड्डे पर 7 जिलों के जुआरी आते थे। इन्हे रोशन, रफीक और विजय जुआ खिलवाते थे। रोशन और रफीक मौके से गिरफ्तार हुए थे। जबकि विजय की पुलिस अभी भी तलाश कर रही है। विशाल सिंह नाम के एक व्यक्ति ने यह मकान लीज पर लेकर दे रखा था।

### लखीमपुर में लोगों ने चिल्लाकर कहा- ये क्या किया तो अपनी कनपटी में गोली मारकर जान दी

# घर के बाहर लड़की के भाई को गोली मारी

**घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखीमपुर-खीरी। यूपी के लखीमपुर खीरी में शुक्रवार को एक युवक को उसके घर के बाहर गोली मार दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने अपनी कनपटी पर गोली मारकर खुदकुशी कर ली। आरोपी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। जिला अस्पताल में शुरुआती इलाज के बाद उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान इदरीश (38) और घायल की पहचान अखिलेश (33) के रूप में हुई है। दोनों के घर आमने-सामने हैं। इदरीश ने 4 दिन पहले अखिलेश की बहन को किडनैप कर लिया था। अखिलेश ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मामला जिला मुख्यालय से लगभग 47 किलोमीटर दूर पढ़ुआ थाना क्षेत्र के दुलही गांव का है। पड़ोसियों के मुताबिक, इदरीश और अखिलेश की बहन के बीच दोस्ती थी। उनके अफेयर की भी चर्चा थी। लड़की के परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने गुरुवार (17 सितंबर) को लड़की को बरामद कर लिया। हालांकि, पुलिस ने यह नहीं बताया कि लड़की कहां से मिली और उस समय इदरीश उसके साथ था या नहीं। अगले दिन सुबह करीब 7 बजे इदरीश ने अखिलेश पर हमला कर दिया। गोली की आवाज सुनकर जब पड़ोसी मौके पर पहुंचे और इदरीश पर चिल्लाकर बोले कि यह क्या कर दिया? पकड़े जाने के डर से उसने तुरंत खुद को गोली मार ली। दुलही गांव के रहने वाले अखिलेश निघासन नगर पंचायत में सफाईकर्मी हैं।




> सीओ निघासन शिवम कुमार ने बताया-16 सितंबर को युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

**गोलीकांड में सात साल जेल काट चुका था**

ग्रामीणों के मुताबिक, करीब 15 साल पहले भी इदरीश का नाम एक गोलीकांड में सामने आया था। उस समय उस पर दो लोगों को गोली मारने का आरोप था। मामले में उसके खिलाफ धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। उसे सात साल की सजा हुई थी। इदरीश करीब एक साल पहले सजा पूरी कर जेल से बाहर आया था।



घटना के बाद से ही गांव में तनाव बना है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

**एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया-दोनों पक्षों के बीच युवती को साथ ले जाने को लेकर विवाद की बात सामने आई है। घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि दूसरा घायल है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए हैं। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।**

## आगरा से स्क्रैप लोड किया कागज झारखंड के दिखाए

### फर्जी बिल-बिल्टी से जीएसटी चोरी की कोशिश

**तमसा संकेत, एजेंसी**

आगरा। आगरा में जीएसटी चोरी का बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। राज्य कर विभाग की सचल टीम ने बिना ई-वे बिल के 12 मीट्रिक टन स्क्रैप लेकर अलीगढ़ जा रहे ट्रक को पकड़ा। जांच में ट्रक के बिल और बिल्टी फर्जी निकले। चालक झारखंड की फर्म के दस्तावेज दिखाकर टीम को गुमराह कर रहा था। जांच में सामने आया कि ट्रक झारखंड गया ही नहीं था, जबकि कागजों में माल दुमका से अलीगढ़ भेजा जाना दिखाया गया था। मामले में तीन फर्मों, वाहन स्वामी और चालक समेत पांच लोगों के खिलाफ थाना नई की मंडी में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। सहायक आयुक्त राज्य कर सचल दल वीरेंद्र लाल ने डीसीपी सिटी को दी शिकायत में बताया कि 18 अगस्त की रात 11:35 बजे रामबाग चौराहे पर ट्रक को रोका गया। ट्रक में 12 मीट्रिक टन स्क्रैप लदा था। पूछताछ में हाथरस निवासी चालक सलमान ने झारखंड की जय माता दी ट्रेडर्स की बिल्टी दिखाई। दस्तावेजों में माल गाजियाबाद की तनिष्क ट्रांसपोर्ट कंपनी के जरिए दुमका से अलीगढ़ ले जाना दर्शाया गया था। माल की कीमत 2 लाख 16 हजार 383 रुपये दर्ज थी। जांच के दौरान चालक ने शपथपत्र में बताया कि माल आगरा से लोड किया गया था और अलीगढ़ ले जाया जा रहा था। 50 हजार रुपये से अधिक कीमत के माल के लिए ई-वे बिल जरूरी होने के बावजूद ट्रक के पास ई-वे बिल नहीं था।



**फास्ट न्यूज**

### कानपुर में सत्यसंग से लौट रही महिला से चेन लूट

कानपुर । कानपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात बेटी के साथ पैदल घर लौट रही महिला के गले से बाइक सवार दो युवकों ने चेन लूट ली। अचानक हुई वारदात से महिला और उसकी बेटी घबरा गईं। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

### कानपुर में दिनदहाड़े किराना व्यापारी से 50 हजार की लूट

कानपुर। कानपुर में लुटेरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है, शुक्रवार को तीसरे दिन हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र में लूट की घटना हुई, जबकि इससे पहले लुटेरों ने महाराजपुर और चौबेपुर इलाके में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। हरबंश मोहाल थाना क्षेत्र में ऑटो में सवारी बनकर बैठे शातिर ने बुजुर्ग किराना व्यापारी की जेब से 50 हजार रुपए पार कर दिए। टाटमिल से नयागंज जाते समय व्यापारी को रकम गायब होने का पता चला। उन्होंने बगल में बैठे युवक को पकड़ लिया, लेकिन आरोपी सुतरखाना चौकी से करीब 50 कदम की दूरी पर उन्हें धक्का देकर भाग निकला।

### 'मैं सनी देओल के लिए गाना चाहता हूं'

कानपुर। फिल्म 'हनुमान अंश' के चर्चित गीत 'मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान, सागर में नैया डाल दई' के सिंगर सुनील लोधी शुक्रवार को कानपुर यूनिवर्सिटी पहुंचे। यहां उन्होंने कहा- यह सब हनुमान जी की कृपा है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरी आवाज में गाया हुआ गाना देश ही नहीं, विदेशों में भी सुना और पसंद किया जाएगा। उन्होंने कहा- मैं देख नहीं सकता हूं, लेकिन सनी देओल की आवाज बचपन से ही पसंद है।

## पत्नी को बिरयानी खिलाकर लस्सी पिलाई, फिर चाकू से गोदा

### हरदोई में दिल तक चीर डाला, 12 साल से बच्चा नहीं हो रहा था

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई । हरदोई में पत्नी को बिरयानी खिलाकर लस्सी पिलाने के बाद पति ने उसे चाकू से गोद डाला। पति ने चाकू से इतने वार किए कि पत्नी का दिल (हार्ट) भी फट गया। दोनों की 12 साल पहले शादी हुई थी। इसके बाद भी बच्चा नहीं हो रहा था। पति को शक था कि उसकी पत्नी का किसी से अफेयर चल रहा है। पुलिस ने बुधवार तड़के की गई महिला की हत्या का गुरुवार शाम को खुलासा किया है। पुलिस ने पति की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल छोटा रामपुरी चाकू बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया है। घटना इस्लामनगर टिलिया इलाके की है।

इस्लामनगर टिलिया निवासी परवेज (34) ने 12 साल पहले रिश्ते में भतीजी नगमा (30) से लव मैरिज की थी। दोनों की कोई संतान नहीं है। पति को शक था कि पत्नी का बाइक मैकेनिक नाजिम से अफेयर चल रहा। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच 8 महीने से अक्सर झगड़ा होता रहता था।




मंगलवार रात नगमा कमरे में तख्त पर लेटी हुई थी, तभी परवेज ने उसकी हत्या कर दी। कमरे का दरवाजा बंद था। कमरे में फर्राटा फैन चल रहा था, इसलिए किसी को हत्या का पता भी नहीं चला। बुधवार सुबह साढ़े 3 बजे परवेज ने बहन जुबीना को फोन किया और घटना की जानकारी दी।

परवेज ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वारदात से पहले उसने पत्नी नगमा को बिरयानी खिलाने के बाद लस्सी पिलाई थी।

### 100 ट्रैक्टर से पहुंचे, आगरा हाईवे पर दौड़ लगाई, 4 क्रेन, 7 बुलडोजर तैनात

# यूजीसी का विरोध

### 1200 युवक पुलिस से भिड़े

**तमसा संकेत, एजेंसी**

आगरा। आगरा में UGC के विरोध में शुक्रवार को करीब 1,200 युवक सड़क पर उतर आए। ये सभी एत्मादपुर के संवई गांव से करीब 100 ट्रैक्टरों से कलेक्ट्रेट जाने के लिए निकले। लेकिन, गांव से करीब 200 मीटर आगे पुलिस और PAC ने बैरियर लगाकर उन्हें रोक दिया।

पुलिस मौके पर 4 क्रेन और 7 बुलडोजर लेकर पहुंची थी। सुरक्षा के लिए 2 कंपनी PAC और करीब 300 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। युवक कलेक्ट्रेट जाने की मांग पर अड़ गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच नोकझोंक और धक्का-मुक्की शुरू हो गई।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गांव की ओर खदेड़ दिया। दोपहर तक दोनों पक्ष आमने-सामने डटे रहे।



करीब 3 बजे प्रदर्शनकारियों ने बैरियर हटा दिए और आगरा-फिरोजाबाद हाईवे की ओर दौड़ पड़े। पुलिस ने भी उनका पीछा किया। इसके बाद प्रदर्शनकारी हाईवे पर धरने पर बैठ गए और हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। प्रदर्शन के चलते हाईवे पर गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। स्थिति को संभालने के लिए PAC ने करीब 10 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। आगरा के एत्मादपुर क्षेत्र के गांव संवई में लगभग एक हजार युवा UGC रोल बैक को लेकर गांव के बाहर सड़क पर आ गए। वे ट्रैक्टरों से आगरा कलेक्ट्रेट जा रहे थे। मगर, आगरा की तरफ आने वाली सड़क पर पहले से मौजूद पुलिस और पीएसी ने उन्हें रोक दिया।



प्रदर्शनकारियों ने बैरियर हटा दिए और आगरा-फिरोजाबाद हाईवे की ओर दौड़ पड़े।

**आगरा-फिरोजाबाद हाईवे पर प्रदर्शनकारी पुलिस का बैरियर तोड़कर दौड़ लगा रहे हैं। उन्हें रोकने के लिए पीछे-पीछे पुलिस भाग रही है। ये सभी प्रदर्शनकारी आगरा कलेक्ट्रेट जाने की जिद पर अड़े हैं।**

### पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को कुबेरपुर में रोका, लाठी फटकार कर खदेड़ा

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को कुबेरपुर गांव के पास रोक दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। प्रदर्शनकारी नारेबाजी करने लगे। इस दौरान पुलिस ने लाठी फटकार लोगों को खदेड़ दिया। प्रदर्शन कर रहे युवा हाईवे पर पहुंच गए हैं। सभी युवकों को पीएसी ने डिटेन कर लिया है। करीब 8 से 10 युवकों को पीएसी की गाड़ी में ले जाया गया है। पुलिस को चकमा देकर हाईवे पर प्रदर्शनकारी युवा पहुंचे गए। आगरा-फिरोजाबाद हाईवे पर धरना दिया। हाईवे पर वाहनों की लाइन लग गई। युवा आगरा कलेक्ट्रेट की तरफ आने की कोशिश कर रहे हैं ।

### पुलिस के 6 सवालों में फंसा सुब्रत, पत्नी, सुपारी किलर से कराया जाएगा सामना

# कानपुर दवा कारोबारी मर्डर केस में अब बेटा भी होगा गिरफ्तार

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर में करोड़पति दवा कारोबारी मर्डर विनीत मिनोचा केस में बेटे सुब्रत के खिलाफ पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं। इनके आधार पर उसकी गिरफ्तारी लगभग तय है। सुब्रत को पिछले 2 दिनों से लगातार पूछताछ के लिए पुलिस थाने बुला रही है।

पूछताछ में उसने कई सवालों के जवाब दिए, तो कई में वह चुप रहा। पुलिस जांच में पता चला है कि मर्डर से 2 दिन पहले यानी 3 सितंबर को हत्यारोपी नौकर विशाल ने JIO कंपनी का सिम कार्ड खरीदा था। इस सिम से सुब्रत से 6 बार बात की थी। पुलिस ने सुब्रत से पूछा यह बात क्यों की गई? इसका जवाब वह नहीं दे सका। विशाल 2010 से 2022 तक सुब्रत की बिरहाना रोड स्थित दुकान में काम करता था। 2022 में विनीत मिनोचा ने उसे नौकरी से निकाल दिया था। इसके बाद भी CCTV में सुब्रत ने विशाल को पहचानने से इनकार कर दिया। सुब्रत ने पुलिस को इसका जवाब भी नहीं दिया। जेल में बंद बहू शालू मिनोचा और विशाल की PCR (पुलिस कस्टडी रिमांड) मंजूर होने के बाद उनका सुब्रत से आमना-सामना कराया जाएगा। जिससे सुब्रत के खिलाफ मिल रहे सबूतों पर पुख्ता मुहर लग सके।




**पार्टी का बिल करीब 49 हजार बना था। पुलिस की पूछताछ में सुब्रत ने बताया था कि उसे 35 हजार रुपए बतौर सैलरी और शालू को 10 हजार रुपए खर्च के लिए मिलते थे। ऐसे में सवाल किया गया कि 45 हजार प्रतिमाह मिलने वाले खर्च में 49 हजार की पार्टी कैसे ऑर्गनाइज की? इसका कोई जवाब उसके पास नहीं था।**



बुधवार (16 सितंबर) को कानपुर पुलिस ने कारोबारी की बहू को कोर्ट में पेश किया, तो वह दुपट्टे से चेहरा छिपाती रही।

**45 हजार खर्च मिलता था, 49 हजार की दी पार्टी**

डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने बताया था कि विनीत मिनोचा की हत्या की रात (5 सितंबर) बेटे सुब्रत और बहू शालू तिलक नगर स्थित कॉस्मोजिन लाउंज में कपल किटी पार्टी में गए थे। यह पार्टी सुब्रत ने ही ऑर्गनाइज की थी। इस बात का खुलासा गुरुवार (10 सितंबर) को शालू के भाई धीरज अरोड़ा और बहन सोनिया मेहरोत्रा ने किया।

उस कपल पार्टी में 35 लोग शामिल हुए थे, जो दवा कारोबार से जुड़े हैं। रेस्टोरेंट के रिकॉर्ड से सामने आया कि दोनों रात 10:30 बजे ही पार्टी में पहुंच गए थे, जबकि पार्टी रात 11:30 बजे से शुरू होनी थी।

इसके साथ ही रात में 3 बजे उनके लाउंज से निकलने की पुष्टि हुई है। पुलिस की जांच और लाउंज के रिकॉर्ड में एक बात और सामने आई कि पार्टी के लिए 1400 रुपए प्रति प्लेट की दर से बुकिंग हुई थी।

## साली के प्यार में 9 साल पुरानी गर्लफ्रेंड को मार डाला

### सहारनपुर में मां के साथ बाइक पर ले जाकर शव फेंका

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सहारनपुर । सहारनपुर में एक युवक ने अपनी गर्लफ्रेंड की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद मां के साथ मिलकर शव को नहर में फेंक दिया। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी मोहित और उसकी मां को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक, मोहित और युवती 9 साल से रिश्ते में थे। इसी दौरान मोहित अपने भाई की साली के संपर्क में आया और उससे शादी करना चाहता था। उसे डर था कि अगर गर्लफ्रेंड को इस रिश्ते के बारे में पता चला तो वह विरोध कर सकती है। इससे शादी में परेशानी आ सकती है।

इसलिए उसने गर्लफ्रेंड की गला दबाकर हत्या की। इसके बाद अपनी मां के साथ मिलकर शव को बाइक से नहर तक ले गए और वहां फेंक दिया। पुलिस ने मोहित की निशानदेही पर युवती का शव, वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की गई है। मामला देवबंद के सैनपुर उर्फ शहजादपुर गांव का है।




मोहित मजदूरी करता है। उसके परिवार में दो भाई और दो बहनें हैं। इनमें तीन की शादी हो चुकी है। उसके भाई की शादी करीब तीन साल पहले हुई थी। इसके बाद उसकी अपने भाई की साली से शादी की बातचीत चल रही थी।

मोहित के घर से करीब 300 मीटर दूर ज्योति का घर था। ज्योति (20) के परिवार में दो बहनें और एक भाई हैं। परिवार के पास करीब 10 बीघा खेती है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### ममता बनर्जी को...

अब इस लिहाज से उपचुनाव परिणाम का अनुमान लगाएं तो ममता और कांग्रेस के साथ आने पर भी दोनों पार्टियां मिलाकर भाजपा से ज्यादा वोट शेयर नहीं ला सकतीं। हालांकि ये सिर्फ अनुमान है।

2026 के विधानसभा चुनाव में शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम के साथ भवानीपुर सीट से भी चुनाव लड़ा और दोनों जगह जीत दर्ज की। भवानीपुर में उन्होंने ममता बनर्जी को 15,105 वोटों से हराया। अधिकारी को 73,917 वोट मिले, जबकि ममता बनर्जी को 58,812 वोट मिले। बाद में अधिकारी ने भवानीपुर सीट अपने पास रखी और नंदीग्राम से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद नंदीग्राम सीट खाली हुई।

### एफसीआरए संशोधन ...

विपक्ष ने आरोप लगाया था कि बिल के कुछ प्रावधान बेहद आपत्तिजनक हैं। समिति अब बिल के सभी प्रावधानों की विस्तृत जांच करेगी।

लोकसभा में बिल पेश करते समय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा था कि कानून का लक्ष्य पारदर्शिता बढ़ाना है। उन्होंने कहा था कि इससे विदेश से मिले फंड का सही इस्तेमाल सुनिश्चित होगा।

बीजेपी के भर्तृहरि महताब, तेजस्वी सूर्या, कमलेश जांगड़े, मुकेशकुमार चंद्रकांत दलाल, निशिकांत दुबे, विष्णु दयाल राम, अनंत नायक और अरविंद धर्मपुरी समिति के सदस्य हैं।

कांग्रेस के लोकसभा सदस्य एंटो एंटनी, कैप्टन विरियाटो फर्नांडीस, मुहम्मद हमदुल्ला सईद और काली चरण मुंडा हैं। राज्यसभा से पैनल के अन्य सदस्यों में ज़िया उर रहमान (SP), कल्याण बनर्जी (TMC), ए राजा (DMK), लावू श्री कृष्ण देवरायालू (TDP), नरेश गणपत म्हस्के (शिव सेना), कौशलेंद्र कुमार (JD-U), सुप्रिया सुले (NCP-SP) और ई टी मोहम्मद बशीर (IUML) शामिल हैं।

### एअर इंडिया एक्सप्रेस...

सभी 8 सदस्यों का टेस्ट नेगेटिव आया यानी उनके शरीर में अल्कोहल नहीं मिला। इसके बावजूद तय समयसीमा में टेस्ट न कराने को नियमों का उल्लंघन माना गया।

एयरलाइन ने मामले की जानकारी एविएशन सेफ्टी बॉडी डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) को दी और सभी 8 सदस्यों को ड्यूटी से हटा दिया।

पायलट्स के लिए अल्कोहल को लेकर डीजीसीए (DGCA) के नियम बेहद सख्त हैं। एयरक्राफ्ट रूल्स, 1937 के नियम 24 के तहत, किसी भी पायलट या क्रू मेंबर को उड़ान से 12 घंटे पहले तक किसी भी तरह के मादक पदार्थ या अल्कोहल का सेवन करने की मनाही है। उड़ान के दौरान भी इसका सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित है।

क्लास 2 मेडिकलः यह स्टूडेंट पायलट लाइसेंस (SPL) के लिए जरूरी है और फ्लाइट ट्रेनिंग शुरू करने से पहले अनिवार्य है।क्लास 1 मेडिकलः यह कमर्शियल पायलट लाइसेंस (CPL) और एयरलाइन पायलटों के लिए जरूरी है। इसमें शारीरिक, मानसिक, विजन, हियरिंग और हार्ट से जुड़ी जांच की जाती है। ब्रीथ-एनालाइजर टेस्टः फ्लाइट से पहले और लैंडिंग के बाद पायलटों का ब्रीथ-एनालाइजर टेस्ट किया जाता है। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि पायलट के शरीर में अल्कोहल (शराब) का लेवल जीरो हो, क्योंकि एविएशन सेक्टर में इसे लेकर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाती है।

साइकोएक्टिव सब्सटेंस (ड्रग) टेस्टः पायलटों के लिए नशीले पदार्थों या साइकोएक्टिव सब्सटेंस की जांच भी अनिवार्य है। इसके तहत रैंडम ड्रग टेस्टिंग की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पायलट किसी भी प्रतिबंधित दवा या नशीले पदार्थ के प्रभाव में नहीं हैं।

### एअर इंडिया सभी ...

एअर इंडिया एक्सप्रेस ने पायलटों और अन्य कर्मचारियों से साइकोएक्टिव पदार्थों के इस्तेमाल या निर्भरता की जानकारी स्वेच्छा से देने की अपील की है।

एयरलाइन के मुताबिक, ऐसी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी और जरूरत के अनुसार मेडिकल, HR और फ्लाइट सेफ्टी अधिकारियों के साथ साझा की जाएगी।

### वोट चोरी के बाद अब...

उन्होंने लिखा- जब पूरी की पूरी पार्टी चोरी हो सकती है, तो करोड़ों भारतीयों के वोट चोरी होना भी हैरानी की बात नहीं। वोट चोरी। सरकार चोरी। अब पार्टी चोरी - ये हमारे लोकतांत्रिक पतन के प्रतीक बन गए हैं। 21 जून 2022 को शिवसेना में उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट अलग हुए थे। इसी तरह 2 जुलाई 2023 को NCP में शरद पवार और अजित पवार गुट अलग हुए थे।

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपालः बीजेपी ने असंवैधानिक रूप से AITC के नाम और चुनाव चिह्न पर कब्जा कर लिया है। यह मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार की ओर से मोदी जी को देर रात दिया गया जन्मदिन का तोहफा है। चुनाव आयोग ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह बीजेपी के हाथों की कठपुतली के अलावा और कुछ नहीं है।'

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउतः इस पार्टी को ममता बनर्जी ने अपनी कड़ी मेहनत और संघर्ष के साथ बनाया था। तृणमूल कांग्रेस का राज्य और देश की राजनीति में अहम योगदान रहा है। जिस तरह शिवसेना बाला साहेब ठाकरे की पार्टी रही है, वैसे ही तृणमूल कांग्रेस ममता बनर्जी की पार्टी है।'

सपा नेता अखिलेश यादवः चुनाव आयोग लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने के लिए फैसले ले तो उसके मान-सम्मान में वृद्धि होगी और कुछ नहीं कहना है, बस इतना पूछना है कि हमारे द्वारा इलेक्शन कमीशन में जमा किये गये एफिडेविट मिले क्या?'

दरअसल, आयोग ने गुरुवार को दिल्ली में दोनों गुटों के प्रतिनिधियों को बैठक के लिए बुलाई थी। पार्टी में दो गुट हैं। एक का नेतृत्व ममता बनर्जी और दूसरे का अरूप रॉय कर रहे हैं।

आयोग ने कहा कि दोनों गुट खुद को असली पार्टी बता रहे हैं। इसलिए इलेक्शन सिम्बल्स ऑर्डर, 1968 के नियमों के तहत इस विवाद पर फैसला लिया जाएगा।

### 'युवा वकील सीनियर्स ...

उन्होंने कहा, "हम जानते हैं कि आजकल युवा महत्वाकांक्षी हैं। लेकिन सीनियरों के साथ ट्रेनिंग के बिना वे काम नहीं सीख पाएंगे।बयह प्रक्रिया पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती आ रही है। सम्मानित पेशे की बारीकियां और अच्छी कार्यप्रणालियां इसी तरह आगे बढ़ती हैं। जस्टिस नागरत्ना ने वकील के रूप में अपने शुरुआती दिनों को याद किया। उन्होंने कहा, "जब मैं युवा थीं, तब मेरे पास कभी-कभार सिर्फ एक मामला या एक मेंशनिंग होती थी। लेकिन मैं कुछ कोर्ट हॉल में जाकर बैठती थी। खासकर, कठिन जजों की अदालतों में।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि ऐसा करने से वे जजों के सख्त रवैए की अभ्यस्त हो जाती थीं। अगली बार वहां मामला आने पर उन्हें पहले से पता होता था कि जज को देखकर कैसे जवाब देना है और क्या कहना है।

### एचएएल ने एयरफोर्स ...

इन विमानों में बेहतर रडार, ऑटोपा-यलट, फ्यूल सिस्टम, सुरक्षित कम्युनिके-शन के लिए सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो और एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग प्रोब जैसी सुविधाएं हैं।

### उत्तराखंड में बर्फबारी...

बिहार में मौसम विभाग ने 13 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मौसम उमस भरा रहने की संभावना है। प्रदेश में बाढ़ से अब तक करीब 50 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। शुक्रवार को गुजरात के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे सड़कें और अंडरपास पानी से भर गए और अहमदाबाद में जनजीवन प्रभावित हुआ। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने कहा कि शनिवार को भी भारी बारिश की संभावना है।

## जापान को 8 विकेट से हराया, शेफाली ने नाबाद 40 रन बनाए, चरणी को 4 विकेट

# भारतीय विमेंस टीम एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में पहुंची

**फैसला**

**आईची, एजेंसी**



भारतीय विमेंस टीम ने एशियन गेम्स 2026 के क्वार्टर फाइनल में जापान को 8 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

जापान की टीम 19.5 ओवर में 57 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारत ने शेफाली वर्मा के नाबाद 40 रन की मदद से 58 रन का टारगेट 5 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

भारत की ओर से श्री चरणी ने 4 विकेट लिए। शेफाली वर्मा ने 2, जबकि दीप्ति शर्मा और श्रेयांका पाटिल ने 1-1 विकेट लिया। जापान की दो बल्लेबाज रन आउट हुईं।

भारत 2023 एशियन गेम्स का डिफेंडिंग चैंपियन है। टीम ने गोल्ड मेडल जीता था। भारत ने हाल ही में 8वीं बार विमेंस एशिया कप का खिताब भी अपने नाम किया है।

भारत को दूसरे ओवर में ही पहला झटका लगा। 1.2 ओवर में जी कमलिनी बिना खाता खोले आउट हो गईं। नोनोहा यासुमोटो की गेंद पर कमालिनी ने लॉन्ग-ऑन के ऊपर से बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद ज्यादा दूर नहीं गई और अहिल्या चंदेल ने डीप में कैच पकड़ लिया। 18वें ओवर में श्री चरणी ने दो विकेट लेकर 4 विकेट पूरे किए। उन्होंने 18.2 ओवर में अकरी कानो को 2 रन पर भारती फुलमाली के हाथों कैच कराया। इसके बाद 18.4 ओवर में एरिका तोगुची क्विन बिना खाता खोले शेफाली वर्मा के हाथों कैच आउट हुईं। 17.2 ओवर में अहिल्या चंदेल बिना खाता खोले रन आउट हो गईं। दीप्ति शर्मा की गेंद पर अकारी निशिमोरा कानो ने शॉर्ट मिड-विकेट की ओर शॉट खेला।

> भारत को 2.4 ओवर में दूसरा झटका लगा। अकाया कातो-स्टेफोर्ड की गेंद पर भारती फुलमाली 6 रन बनाकर आउट हुईं। उन्होंने इनसाइड-आउट शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर पॉइंट की ओर गई, जहां शिमाको कातो ने कैच पकड़ लिया।



### श्रेयांका ने नोनोहा को बोल्ड किया, जापान ऑलआउट

19.5 ओवर में नोनोहा यासुमोटो बिना खाता खोले बोल्ड हो गईं। श्रेयांका पाटिल की गेंद पर उन्होंने फ्लिक खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद पैड से लगकर स्टंप्स पर जा लगी। इसके साथ ही जापान की पारी 57 रन पर सिमट गई।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आयोजन स्थल में हो सकता है बदलाव

### रांची से छिनेगी भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच की मेजबानी



नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली बहुप्रतीक्षित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) की मेजबानी इस बार भारत करेगा। दोनों टीमों के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज अगले साल 21 जनवरी से शुरू होगी और 27 फरवरी तक चलेगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, सीरीज का पहला टेस्ट नागपुर, दूसरा चेन्नई, तीसरा गुवाहाटी, चौथा रांची और पांचवां एवं आखिरी टेस्ट अहमदाबाद में खेला जाना है। हालांकि, अब सीरीज शुरू होने से पहले ही मुकाबले के आयोजन स्थल में बदलाव की चर्चा सामने आई है। रांची में प्रस्तावित चौथे टेस्ट को किसी अन्य शहर में स्थानांतरित किया जा सकता है। इसके लिए विशाखापत्तनम हैदराबाद और राजकोट जैसे शहरों के नाम सामने आ रहे हैं। हालांकि, इस संबंध में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) की ओर से अभी अंतिम फैसला सामने नहीं आया है। रांची के आयोजन स्थल में बदलाव की चर्चा के पीछे मुख्य वजह सर्दियों के दौरान वहां जल्दी सूर्यास्त होना बताई जा रही है। टीम प्रबंधन ने बीसीसीआई के सामने यह मुद्दा उठाया है कि जनवरी-फरवरी के दौरान रांची में सूरज के जल्दी ढालने के कारण शाम जल्दी हो जाती है। ऐसे में टेस्ट मैच के दौरान रोशनी की कमी के कारण खेल के समय में कटौती हो सकती है और पांच दिन का मुकाबला निर्धारित समय में पूरा करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

# बदनामी के दौर में पाकिस्तान के लिए आई अच्छी खबर

### शादाब खान ने हैट्रिक लेकर रचा इतिहास

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट इस समय बुरे दौर से गुजर रहा है। पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की लगातार फजीहत हो रही है और बोर्ड को लगातार बदलाव करने पड़ रहे हैं। इन बुरी खबरों के बीच पाकिस्तान के लिए एक राहत वाली खबर भी है। शादाब खान ने हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने ये हैट्रिक कैरिबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में ली है।

सीपीएल में शादाब एंटिगा एंड बारबुडा फाल्कंस के लिए खेल रहे हैं और इस टीम ने पहले क्वालिफायर में गयाना अमेजन वॉरियर्स को मात दी है। इस जीत में शादाब का अहम रोल रहा। गयाना की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवरों में 76 रनों पर ही ढेर हो गई थी। फाल्कंस ने ये टारगेट 5.2 ओवरों में हासिल कर लिया।



शादाब ने इस मैच में अपने कोटे के चार ओवरों में 16 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए। इसमें हैट्रिक शामिल रही जो उन्होंने नौवें ओवर में ली। इस ओवर की चौथी गेंद पर उन्होंने खतरनाक शिमरॉन हेटमायर को पवेलियन की राह दिखाई। वह सिर्फ दो रन ही बना सके। अगली गेंद पर उन्होंने मेहदी हसन मिराज का विकेट लिया। फिर आखिरी गेंद पर क्वेंटिन सैम्पसन को बोल्ड कर अपनी हैट्रिक पूरी।

ये उनकी टी20 में दूसरी हैट्रिक है। वह पाकिस्तान के लिए एक से ज्यादा हैट्रिक लेने वाले दूसरे ही गेंदबाज हैं। उनसे पहले ये काम मोहम्मद समी ने किया था जिनके नाम तीन हैट्रिक हैं। इन तीनों के अलावा शादाब ने इमरान ताहिर का भी विकेट लिया जो उनके चौथे शिकार बने। शादाब की गेंदबाजी के कारण ही गयाना की टीम सस्ते में ढेर हो गई।

फाल्कंस के लिए ये टारगेट आसान था और उसने महज 5.2 ओवरों में इसे चेज कर लिया। उसके लिए रखीम कॉर्नवाल ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। इस खिलाड़ी ने 16 गेंदों की अपनी पारी में तीन चौके और चार छक्के मारे। वह अर्धशतक पूरा नहीं कर सके और आउट हुए।

## अपने से 300 रेटिंग अंक कम वाले खिलाड़ी से ड्रॉ खेला, भारत ने इंडोनेशिया को हराया

# चेस ओलिंपियाड : गुकेश की रेटिंग 2700 के नीचे आई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने समरकंद में चल रहे चेस ओलिंपियाड के दूसरे राउंड में इंडोनेशिया को 2.5-1.5 से हराया।

हालांकि, वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश को अपने से कम रेटिंग वाले 18 साल के इंटरनेशनल मास्टर सात्रिया दूता चहाया से ड्रॉ खेलना पड़ा। चहाया की रेटिंग गुकेश से 300 अंक कम है।

ड्रॉ के बाद गुकेश की लाइव रेटिंग 2700 के नीचे आ गई। 4 साल में पहली बार उनकी रेटिंग 2700 से नीचे गई है।

पहले राउंड में टॉप बोर्ड पर हारने वाले अर्जुन एरिगैसी को दूसरे राउंड में आराम दिया गया।



गुकेश चार साल में पहली बार 2700 रेटिंग से नीचे पहुंच गए।

उनकी जगह आर प्रागनानंदा ने टॉप बोर्ड पर भारत की चुनौती संभाली और मुकाबला ड्रॉ रहा।

अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो ने गुकेश को बोर्ड-4 पर खिलाने के फैसले को "अपमान" जैसा बताया।

> बोर्ड-3 पर सात्रिया का गुकेश के खिलाफ यह पहला मुकाबला था। मैच के बाद उन्होंने कहा कि कई मौकों पर गुकेश के पास आगे बढ़ने का मौका था, लेकिन उन्होंने जोखिम नहीं लिया।

### निहाल पीछे होने के बाद भी जीते

बोर्ड-2 पर निहाल सरीन का मुकाबला इंडोनेशिया के आईएम आरिफ अब्दुल हफीज से था। एक समय निहाल तीन प्यादे पीछे थे और उनकी स्थिति मुश्किल थी। इसके बावजूद उन्होंने वापसी की और मुकाबला जीत लिया। भारत के बाकी तीनों बोर्ड पर बाजी ड्रॉ रही। इस तरह भारत ने एक जीत और तीन ड्रॉ के साथ मुकाबला 2.5-1.5 से अपने नाम किया।

उन्होंने कहा कि अगर वे भारतीय टीम के कप्तान होते तो 20 साल के वर्ल्ड चैंपियन गुकेश को बोर्ड-1 पर खिलाते।

महिला वर्ग में टॉप भारत ने फिनलैंड को 3-1 से हराया। आर वैशाली का मुकाबला ड्रॉ रहा, जबकि भारत की बाकी खिलाड़ियों ने अपने मैच जीते। भारतीय मूल की 11 साल की बोधना शिवानंदन ने इंग्लैंड के लिए लगातार दूसरा मैच जीता। वह इस बार टीम के टॉप बोर्ड पर खेल रही हैं। 2024 बुडापेस्ट ओलंपियाड में उन्होंने रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर डेब्यू किया था। दूसरे राउंड में उन्होंने 14 साल की डब्ल्यूएफएम डेबोरा क्विकपेन को हराया। ओपन सेक्शन में मैग्नस कार्लसन के बिना खेल रही नॉर्वे को 93वीं सीड केन्या ने 2.5-1.5 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। वहीं, एस्टोनिया के आईएम इल्या सिरोश ने यूक्रेन के 57 साल के पूर्व वर्ल्ड नंबर-2 वासिल इवांचुक को हराया।

**मनोरंजन**

## पीएम मोदी के बर्थडे पर रणबीर आलिया ने दिया खास तोहफा

### भारत के 20 स्कूलों की उठाई जिम्मेदारी

नई दिल्ली। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी को उनके जन्मदिन पर फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारों ने बधाई दी। वहीं आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने पीएम को एक खास तोहफा दिया।

आलिया भट्ट (Alia Bhatt) ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (PM Modi) को उनके 76वें जन्मदिन पर बधाई दी। एक्ट्रेस ने यह भी घोषणा की कि वह और उनके पति, एक्टर रणबीर कपूर, 20 स्कूलों को बेहतर बनाने का संकल्प लेकर सेवा संकल्प अभियान का समर्थन करेंगे।

पीएम मोदी के लिए जन्मदिन का संदेश शेयर करते हुए आलिया ने लिखा, 'हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी जी को जन्मदिन की बधाई। आने वाला साल आपके लिए



सेहतमंद और खुशियों से भरा हो। सेवा संकल्प अभियान की भावना सामूहिक प्रयास और समाज को कुछ वापस देने की शानदार सोच को दर्शाती है। उन्होंने आगे लिखा, 'इस दिन को मनाने और इस नेक काम में सहयोग करने के लिए, रणबीर और मैं बीएमसी की सिफारिशों के अनुसार 20 स्कूलों को बेहतर बनाने का संकल्प ले रहे हैं, ताकि हमारे बच्चों के सीखने और आगे बढ़ने के लिए बेहतर सुविधाएं और अच्छी जगहें मिल सकें'।

## टॉप 10 में ट्रेंड कर रही 134 मिनट की फिल्म ने जमाया कब्जा

# ओटीटी पर आते ही सुपरनैचुरल हॉरर ने मचाया तांडव ट्रेंड कर रही फिल्म

**2 घंटे 14 मिनट की यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉ-टस्टार पर रिलीज हुई है और आते ही इसने टॉप 10 में जगह बना ली है।**

नई दिल्ली। ओटीटी पर हर हफ्ते कोई ना कोई फिल्म या सीरीज रिलीज होती हैं लेकिन हॉरर फिल्मों की एक अलग ही फैन फॉलोइंग है। हाल ही में एक सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म ने ओटीटी पर दस्तक दी है और आते ही यह ट्रेंडिंग लिस्ट में छा गई है। उसके बाद वे उसे मैक्सिको में अपने घर ले आते हैं, लेकिन केटी किसी जंगली शिकारी की तरह व्यवहार करती है। दरअसल सालों पहले, एक कल्ट लीडर ने केटी को जिंदा ही मम्मी बना दिया था ताकि उसके शरीर में 'नस्मरानियन' नाम के एक प्राचीन राक्षस को कैद किया जा सके। तो क्या अब केटी की फैमिली उसकी शरीर से उस राक्षस को निकाल



पाएगी? क्या आंशिक रूप से ममी बनी केटी पूरी तरह ठीक हो पाएगी? या फिर कहानी का अंत कुछ और ही होगा? इन सवालों के जवाब फिल्म देखने पर मिलेंगे। जियो हॉटस्टार पर 17 सितंबर को रिलीज हुई हॉरर फिल्म इस वक्त टॉप 10 में नंबर 3 पर ट्रेंड कर रही है। एक दिन बाद ही फिल्म ने ट्रेंडिंग लिस्ट में जगह बना ली है।

### खौफनाक है हॉरर फिल्म की कहानी

ली क्रोनिन की फिल्म द ममी की कहानी चार्ली कैनन नाम के टेलीविजन रिपोर्टर और उनकी प्रेग्नेंट वाइफ लारिसा की है जिनकी बेटी आठ साल पहले अगवा हो गई थी। कहानी तब दिलचस्प बन जाती है जब उनकी बेटी केटी उन्हें दोबारा मिल जाती है लेकिन आंशिक रूप से ममी बनी हुई हालत में।



## 26 साल पुराने टीवी शो का पुलिस विभाग भी था फैन

### भारी डिमांड के चलते बनाई गई थी फिल्म

नई दिल्ली। वैसे तो टेलीविजन के इतिहास में कई शो ऐसे आए हैं जिन्हें जबरदस्त फैन फॉलोइंग मिली है। लेकिन 2000 के दशक की शुरुआत में टेलीविजन पर एक ऐसा शो आया था जिसे ना सिर्फ पॉपुलैरिटी मिली बल्कि यह इतना फेमस हुआ कि इस पर आधारित एक फिल्म भी बनी।

हम बात कर रहे हैं साल 2000 में आए शो ऑफिस-ऑफिस (Office-Office) की। इस शो में पंकज कपूर (Pankaj Kapur) ने लीड किरदार निभाया था। यह एक व्यंग्यात्मक कॉमेडी टीवी सीरीज (Satirical Tv Series) है जिसमें छोटी-छोटी कहानियों के जरिए सरकारी व अन्य दफ्तरों में



होने वाले भ्रष्टाचार और काम के तरीकों को दिखाया गया है।

शो की पॉपुलैरिटी इतनी थी कि इसके एपिसोड कई बार दोबारा टेलीकास्ट और रीबूट हुए हैं। साल 2020 में कोरोना महामारी में लॉकडाउन के दौरान इस शो का फिर से प्रसारण किया गया था। इसका प्रसारण 3 सितंबर 2001 को SAB TV पर शुरू हुआ था। यह शो भारत में फैले भ्रष्टाचार पर एक व्यंग्य था।


## लालबागचा राजा पहुंचे थे, बोले- आशा है, इससे बप्पा प्रसन्न होंगे, रणवीर सिंह ने फैंस के साथ सेल्फी भी ली

# रणवीर सिंह ने लिया 1000 बेटियों की पढ़ाई का संकल्प

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक्टर रणवीर सिंह ने मुंबई के प्रसिद्ध लालबागचा राजा पंडाल में पहुंचकर गणपति बप्पा के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 1000 बेटियों की शिक्षा में मदद करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बप्पा का आशीर्वाद लेकर आगे के सफर के लिए उनका आशीर्वाद मांगा।

दिए इंटरव्यू में रणवीर ने कहा, "बहुत अच्छा लग रहा है यहां आकर। जो पिछला साल गुजरा है, मेरे लिए और मेरे परिवार के लिए खुशियों से भरा रहा, बप्पा की कृपा से। तो यहां आए हैं उनके दर्शन करने, उनको धन्यवाद कहने और उनका आशीर्वाद लेने, आगे के



रणवीर सिंह ने बप्पा के दर्शन के बाद फैंस के साथ तस्वीर भी क्लिक करवाई।

सफर के लिए, जीवन के सफर के लिए।"

उन्होंने आगे कहा, "हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर, मैं सेवा संकल्प अभियान से जुड़कर हजार बेटियों की पढ़ाई में मदद करने का संकल्प लेता हूं। आशा है कि इसके चलते बप्पा प्रसन्न होंगे और उनका आशीर्वाद हमेशा हम पर रहेगा। बस, धन्यवाद। जय गणेश। जय गणेश।"'सेवा संकल्प अभियान' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुरू किया गया है। यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत लोग अलग-अलग तरह की सेवा का संकल्प ले सकते हैं।

**वीडियो में रणवीर सिंह सफेद रंग के कुर्ते-पायजामे में नजर आए। वहीं शाहरुख खान भी फेस्टिवल के हिसाब से सफेद शर्ट और ब्लैक ट्राउजर पहना। नीता अंबानी पारंपरिक परिधान में दोनों अभिनेताओं के पास खड़ी होकर प्रार्थना करती दिख रही हैं।**




रणवीर सिंह ने फैंस के साथ सेल्फी भी ली।

### आलिया और रणबीर भी अभियान से जुड़े हैं

रणवीर के अलावा आलिया भट्ट और रणबीर कपूर भी कल इस अभियान से जुड़े हैं। दोनों ने 20 स्कूलों के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया है। गुरुवार को आलिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही आलिया ने 'सेवा संकल्प अभियान' की भावना की भी तारीफ की। उन्होंने इसे समाज के लिए कुछ करने और मिलकर काम करने की सोच बताया।

**रणवीर सिंह अंबानी परिवार के घर 'एंटीलिया' में आयोजित गणेशोत्सव में शामिल होने पहुंचे थे। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।**

**इस वीडियो में शाहरुख और रणवीर एक साथ गणपति की आरती करते नजर आ रहे हैं। दोनों एक्टर्स नीता अंबानी के साथ खड़े होकर पूजा-अर्चना में शामिल हुए।**



### हमले से कुछ दिन पहले ट्रम्प के मंत्रालय ने मिस्टर सिंह वाला पोस्ट किया था

# सिख ट्रक ड्राइवर को 17 बार चाकू मारा

**हमला**

**लंदन, एजेंसी**

अमेरिका के व्योमिंग में 28 साल के पंजाबी सिख ट्रक ड्राइवर पर 17 बार चाकू से हमला किया गया। उनकी गर्दन, सीने, हाथ और पसलियों पर चोट आई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान एंड्रयू क्रिस बजडैक के तौर पर की है। उस पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर की कोशिश का आरोप लगाया गया है।

हमले से कुछ दिन पहले ट्रम्प प्रशासन के डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (DHS) ने अप्रवासी ट्रक ड्राइवरों पर निशाना साधते हुए 'मिस्टर सिंह' लिखा एक विवादित



जकारा मूवमेंट के कानूनी सेवा निदेशक जसजीत सिंह धनौआ ने घायल ट्रक ड्राइवर से बात की।

पोस्ट किया था। हालांकि पुलिस ने अभी तक दोनों घटनाओं के बीच कोई संबंध नहीं बताया है। हमले का मकसद भी स्पष्ट नहीं है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने 9 सितंबर को एक AI पोस्टर शेयर किया था। इसमें 'मिस्टर सिंह' से अमेरिका की सड़कों से चले जाने और लोगों से खुद अमेरिका छोड़ने को कहा गया था। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने 9 सितंबर को एक AI पोस्टर शेयर किया था। इसमें 'मिस्टर सिंह' से अमेरिका की सड़कों से चले जाने और लोगों से खुद अमेरिका छोड़ने को कहा गया था। अमेरिकी कांग्रेस के भारतीय मूल के सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने हमले पर चिंता जताई। उन्होंने X पर कहा कि व्योमिंग के रेस्ट स्टॉप पर सिख ट्रक ड्राइवर को 17 बार चाकू मारे जाने की घटना परेशान करने वाली है। सिंह अमेरिका में करीब 3 साल से ट्रक चला रहे हैं। उन्होंने NPR से कहा कि इस घटना ने अमेरिका में लंबी दूरी का ट्रक चलाने वाले दूसरे पंजाबी सिख ड्राइवरों की सुरक्षा को लेकर उनकी चिंता बढ़ा दी है।


अमेरिका में लंबी दूरी के ट्रक ड्राइवरों को कई घंटे और कभी-कभी कई दिन सड़क पर बिताने पड़ते हैं।

#### बाथरूम में पीछा कर पहुंचा हमलावर

NPR के मुताबिक, ड्राइवर ने अपनी पहचान सिर्फ सिंह सरनेम से बताई है। रविवार सुबह वह इंटरस्टेट-80 केबिटर क्रीक रेस्ट एरिया में बाथरूम गए थे। इसी दौरान एक व्यक्ति उनका पीछा करते हुए अंदर पहुंचा और चाकू से हमला कर दिया।

सिंह के मुताबिक, हमलावर ने लगातार वार किए। वह किसी तरह बाथरूम से बाहर निकले और मदद के लिए फोन किया। वहां मौजूद एक हिस्पैनिक परिवार ने उनकी आवाज सुनी और मदद के लिए पहुंचा। परिवार ने खून रोकने की कोशिश की और पुलिस को हमलावर के ट्रक की जानकारी दी।

इसके बाद व्योमिंग हाईवे पेट्रोल ने रॉलिन्स के पास संदिग्ध ट्रक को रोककर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यह जगह घटनास्थल से करीब 113 किमी दूर है।



**सिख और दक्षिण एशियाई मूल के लोगों को निशाना बनाए जाने को लेकर चिंता बढ़ रही है। हिंसा करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। मैं घायल ड्राइवर के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।**

**- राजा कृष्णमूर्ति**
**अमेरिकी सांसद**

## जेफ्री एपस्टीन की मौत के बाद भी नहीं थमा विवाद


### 'सीक्रेट फाइल्स' को लेकर भड़के पीड़ित

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के एक कोर्ट में दो महिलाओं ने एक सामूहित मुकदमा दर्ज कराया है। इन महिलाओं की बचपन की तस्वीरें एपस्टीन के घर से मिली बच्चों के यौन शोषण वाली अश्लील सामग्री में शामिल थी।

मुकदमा दर्ज करने वालों में एक की पहचान जेन डो के तौर पर हुई है। जेन डो का आरोप है कि एपस्टीन ने उसकी 12 साल की उम्र में एक अश्लील फोटो ली थी। वहीं दूसरी महिला की पहचान एमी के तौर पर हुई है। उसने आरोप लगाते हुए कहा कि वो 2019 में एपस्टीन की संपत्तियों से जब्त की गई बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री में शामिल है, जिसको आज भी बेचा जा रहा है।

दोनों पीड़ित महिलाओं ने कोर्ट से मांग की है कि एपस्टीन की संपत्ति और सरकारी एजेंसियां मिलकर उन



सभी लोगों की पहचान करें जिनकी तस्वीरें उस कलेक्शन में हैं और उन्हें इसकी जानकारी दें। साथ ही मुकदमा दर्ज कराने वाली महिलाओं ने ये भी मांग की है कि एपस्टीन की संपत्ति से हर पीड़ित को कम से कम लगभग 1.25 करोड़ का मुआवजा दिया जाए। कुल दावा कम से कम 57.54 करोड़ का है। यह मुकदमा एपस्टीन के पूर्व वकील डैरेन इंडिके और उसके पूर्व अकाउंटेंट रिचर्ड कान के खिलाफ दायर किया गया था। हालांकि इस मामले पर इंडिके का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील डैनियल वेनर ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

**फास्ट न्यूज**

### ग्रीन कार्ड के नए नियम आज से लागू

वाशिंगटन। अमेरिका में आज शुक्रवार, 18 सितंबर के ग्रीन कार्ड के नियम बदलने वाले हैं। US सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज ने हाल ही में घोषणा की कि 18 सितंबर से, वह 'पब्लिक चार्ज' (सरकारी मदद पर निर्भरता) के आधार पर अयोग्यता तय करने के लिए नई गाइडेंस लागू करेगा। ग्रीन कार्ड के बदले नियमों से ये पता लगाया जाएगा कि क्या व्यक्तियों के सरकारी मदद पर निर्भर होने की संभावना है।

### नेपाल त्रासदी: बिना शव के नहीं बन रहा डेथ सर्टिफिकेट


काठमाण्डू। नेपाल में 26 अगस्त को आई भयानक बाढ़ में लापता लोगों के परिवारों ने सरकार से उन्हें मृत घोषित करने के लिए एक तेज कानूनी प्रक्रिया बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि शव और मृत्यु प्रमाण पत्र न होने के कारण मुआवजा, बीमा क्लेम, बैंक से जुड़ी सुविधाएं, विरासत और संपत्ति के ट्रांसफर जैसे काम रूके हुए हैं। यह मांग और तब तेज हो गई जब अधिकारियों ने लापता लोगों की संख्या 5,179 से बढ़ाकर 6,150 कर दी, जबकि मरने वालों की संख्या 1,403 थी और इनमें से अभी केवल 158 शवों की पहचान हो पाई थी।

### मिडिल ईस्ट में महासंग्राम: अमेरिका ने सऊदी को दी 48 एफ-35 जेट्स की मंजूरी

वाशिंगटन। हूती के साथ लड़ाई के बीच अमेरिका के विदेश विभाग ने सऊदी अरब को 24 अरब डॉलर मूल्य के 48 एफ-35 लाइटनिंग टू लड़ाकू विमान बेचने के प्रस्ताव को अनुमति दे दी। इन विमानों की आपूर्ति लाकहीड मॉर्टिन कंपनी करेगी। इसके अतिरिक्त सौदे में 49 इंजन और अन्य उपकरण भी दिए जाएंगे।

## लंदन-ढाका फ्लाइट में दो यात्रियों के बीच मारपीट

### पहले बहस, फिर हाथापाई, एक की टी-शर्ट फटी





**लंदन, एजेंसी**

ढाका जा रही बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस की फ्लाइट में दो यात्रियों के बीच बहस के बाद मारपीट हो गई। दोनों ने एक-दूसरे को घूंसे मारे।

इस दौरान एक यात्री की टी-शर्ट फट गई। आसपास के यात्रियों और केबिन क्रू ने बीच-बचाव कर दोनों को अलग किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो में दोनों यात्री पहले बहस करते नजर आते हैं। कुछ ही देर बाद दोनों हाथापाई पर उतर आते हैं। झगड़े के दौरान आसपास बैठे यात्री घबरा गए। फ्लाइट में बच्चे और बुजुर्ग भी मौजूद थे।।

बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस के जनरल मैनेजर (पब्लिक रिलेशंस) महबूबुद्दीन अहमद ने ढाका ट्रिब्यून से कहा कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं थी।

उन्होंने कहा, "मुझे अभी इस मामले की जानकारी नहीं है। मैं इसकी जानकारी ले रहा हूं।" एयरलाइन ने अभी विवाद की वजह और दोनों यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई की जानकारी नहीं दी है।

### यूएस वीजा मिला, संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करेंगे, उनकी गिरफ्तारी क्यों नहीं हो सकती

# अमेरिका से जंग के बावजूद न्यूयॉर्क जाएंगे ईरानी राष्ट्रपति

**वॉशिंगटन डीसी/तेहरान, एजेंसी**

अमेरिका और ईरान के बीच 7 महीने से जंग चल रही है। इसके बावजूद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान और विदेश मंत्री अब्बास अराघची अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली UNGA बैठक में शामिल होंगे।

अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दोनों नेताओं को वीजा दे दिया गया है। युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बार होगा, जब ईरान के शीर्ष नेता अमेरिका पहुंचेंगे। बड़ा सवाल यह है कि क्या अमेरिका में ईरानी राष्ट्रपति पजशकियान की गिरफ्तारी हो सकती है?

ईरानी राष्ट्रपति पजशकियान न्यूयॉर्क में गिरफ्तार नहीं हो पाएंगे।




इसकी दो बड़ी वजहें हैं। UN के नियमों के मुताबिक अमेरिका ऐसा नहीं कर सकता कि किसी विदेशी प्रतिनिधि को UN के आधिकारिक काम में हिस्सा लेने से ही रोक दे। हालांकि, UN के बाहर उसकी आवाजाही पर पाबंदी लगाई जा सकती है। इसी वजह से पजशकियान और अराघची को अमेरिका आने की अनुमति दी गई है। लेकिन ईरानी प्रतिनिधिमंडल छोटा रखा गया है और उसके सदस्यों की आवाजाही भी सीमित रहेगी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के मुताबिक ईरानी अधिकारियों की न्यूयॉर्क में आवाजाही सीमित रहेगी।



#### राष्ट्रपति को खास कानूनी सुरक्षा मिलती है

किसी देश के मौजूदा राष्ट्रपति को दूसरे देश में जाकर सीधे गिरफ्तार करना आसान नहीं होता। अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत मौजूदा राष्ट्राध्यक्षों को खास कानूनी सुरक्षा मिलती है। इसका मकसद यह है कि कोई देश अपनी मर्जी से दूसरे देश के मौजूदा राष्ट्रपति को गिरफ्तार न कर सके।

हालांकि, इसका यह मतलब नहीं है कि राष्ट्रपति पर कभी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। यह इस बात पर निर्भर करता है कि मामला किस अदालत में है, आरोप क्या हैं और उस देश के कानून क्या कहते हैं।

निकोलस मादुरो का मामला इसका उदाहरण है। उन्हें अमेरिका ने गिरफ्तार किया था, लेकिन अमेरिका उन्हें उस समय वेनेजुएला का वैध राष्ट्रपति नहीं मानता था।

**यह मामला सिर्फ अमेरिका और ईरान के बीच का नहीं है। यूएन का मुख्यालय न्यूयॉर्क में है और अमेरिका इसकी मेजबानी करता है। इसलिए यूएन की बैठकों में हिस्सा लेने वाले दूसरे देशों के प्रतिनिधियों को अमेरिका आने की अनुमति देना उसकी जिम्मेदारी का हिस्सा है।**

### 46 साल की मां ने पुलिस पूछताछ में कबूला- 4 साल से ऐसा कर रही थी

# अमेरिका में महिला पर बेटे से संबंध बनाने का आरोप

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के फ्लोरिडा में 46 साल की महिला पर अपने 22 वर्षीय बेटे के साथ यौन संबंध बनाने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक, महिला ने पूछताछ में संबंध होने की बात कबूली। उसने बताया कि बेटे के 18 साल का होने के बाद यानी करीब 4 साल से ऐसा चल रहा था।

अधिकारियों के मुताबिक, महिला ने बताया कि ऐसा करीब 100 बार हुआ। उसके पति को इसकी जानकारी नहीं थी। मामले में महिला और उसके बेटे पर अनाचार का केस दर्ज किया गया है।

मामला फ्लोरिडा के लेकलैंड में एक घरेलू विवाद के बाद सामने आया। क्रिस्टिना क्लेमेन्स ने पुलिस




को फोन कर अपने बेटे शेन क्लेमेन्स पर मारपीट करने का आरोप लगाया था।

पुलिस के पहुंचने के बाद शेन को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान उसने अधिकारियों को बताया कि वह 18 साल की उम्र से अपनी मां के साथ यौन संबंध बना रहा था। जांचकर्ताओं ने उससे दोबारा इस दावे की पुष्टि की। शेरिफ ग्रेडी जुड के मुताबिक, शेन ने अपनी बात दोहराई।

जांच के दौरान क्रिस्टिना के पति से भी पूछताछ की गई। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि उन्हें कथित संबंध की जानकारी नहीं थी।

हालांकि, उन्हें मां-बेटे के एक साथ मास्टर बेडरूम में समय बिताने पर शक होता था। उन्होंने बताया कि दोनों कभी-कभी कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लेते थे। उन्होंने पुलिस को यह भी बताया कि वह और क्रिस्टिना शादीशुदा हैं और साथ रह रहे हैं।



शेन पर अपनी मां के साथ घरेलू हिंसा के तहत मारपीट का अतिरिक्त आरोप लगाया गया है। वह फिलहाल हिरासत में है और उसके लिए जमानत तय नहीं की गई है।

क्रिस्टिना पर अनाचार के अलावा घरेलू मारपीट और खुले तौर पर व्यभिचार का आरोप भी लगाया गया। उन्हें 4 सितंबर को कुल 6,250 डॉलर के मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री के काफिले पर हमला, कार के शीशे तोड़े

### अंडे-टमाटर फेंके, बिट्टू का आप समर्थकों पर आरोप, नशामुक्त यात्रा में जा रहे थे

**बटाला (गुरदासपुर), एजेंसी**

पंजाब में BJP की नशा मुक्त रथ यात्रा शुरू होने से पहले पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू के काफिले पर हमला हो गया। बिट्टू शुक्रवार (18 सितंबर) को अमृतसर से पठानकोट में यात्रा में शामिल होने के लिए जा रहे थे। बिट्टू ने कहा कि बटाला (गुरदासपुर) के पास काफिले को घेरा गया। इसके बाद हमला कर गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए गए। उन पर टमाटर और अंडे फेंके गए। पूर्व CM बेअंत सिंह के पोते रवनीत बिट्टू को Z+ सिक्योरिटी मिली हुई है। माहौल बिगड़ते देख उनके सुरक्षाकर्मी तुरंत उन्हें एक घर में ले गए। बिट्टू ने आरोप लगाया कि फतेहगढ़ चूड़ियां से AAP के हलका इंचार्ज जोबन रंधावा के समर्थकों ने



लंगर की आड़ में उन पर हमला किया है। उन्होंने 2 आरोपियों को भी पकड़ा। इस पर BJP के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि आम आदमी पार्टी डरी हुई है। घबरा गई है। इसलिए रवनीत बिट्टू पर हमला हुआ। सोचिए एक Z+ सिक्योरिटी वाले और पूर्व मंत्री के साथ ऐसा हो सकता है तो आम आदमी के साथ क्या होता होगा, ये पंजाब का लॉ एंड ऑर्डर भी दिखाता है। पंजाब की सभी 117 सीटों को कवर करने वाली भाजपा की 4 हजार किमी लंबी नशामुक्त यात्रा शुक्रवार से पठानकोट से शुरू हो गई है। जिसे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रवाना किया। उन्होंने बिट्टू पर हमले को लेकर कहा कि भाजपा कार्यकर्ता कमजोर नहीं हैं। कार्यकर्ता शहादत देने के लिए तैयार हैं।

AP नेता के ऑफिस के पास जुटे थे कार्यकर्ता: रवनीत बिट्टू ने बताया कि उनका काफिला बटाला के घासीतपुर स्टेशन के पास पहुंचा तो हाईवे किनारे आम आदमी पार्टी के फतेहगढ़ चूड़ियां विधानसभा सीट के इंचार्ज जोबन रंधावा के कार्यालय के पास कुछ कार्यकर्ता मौजूद थे। काफिला वहां पहुंचते ही अंडे और टमाटर फेंके गए।

**कोहराम :** 16 की मौत, 50 घायल, खैबर पख्तूनख्वा के कोहाट जिले की घटना

# पाकिस्तान में नमाज के दौरान मस्जिद के पास धमाका

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में शुक्रवार की नमाज के दौरान मस्जिद के पास जोरदार धमाका हुआ। इसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। धमाके से मस्जिद के बाहर का हिस्सा पूरी तरह टूट गया और एक दीवार भी गिर गई।

कोहाट के सरकारी अस्पताल के अधिकारी ताहिर अली शाह ने बताया कि अस्पताल में 16 शव और 50 से ज्यादा घायलों को लाया गया। घायलों में कुछ पुलिसकर्मी भी हैं।

पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि



पुराने पुलिस लाइंस के गेट पर विस्फोटकों से भरी गाड़ी टकराई थी। पुलिस के मुताबिक, विस्फोट से मस्जिद के बाहरी हिस्से को काफी नुकसान पहुंचा। खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंडी ने भी धमाके की निंदा की। कोहाट में इससे पहले भी बड़ा हमला हो चुका है। 2010 में पुलिस लाइंस के पीछे बनी एक पुलिस कॉलोनी में रिमोट कंट्रोल बम धमाका हुआ था। इसमें 20 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें ज्यादातर पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्य थे। वहीं, 90 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 के मुताबिक, बुर्किना फासो के बाद पाकिस्तान दुनिया का दूसरा सबसे आतंक प्रभावित देश बन चुका है, जबकि 2024 में यह चौथे स्थान पर था।

2025 में TTP के हमले 90% बढ़े, जबकि बलूच आर्मी (BLA) के हमलों में 60% बढ़ोतरी हुई।



धमाके की जानकारी मिलते ही मस्जिद के आसपास अफरातफरी मच गई।

#### खैबर पख्तूनख्वा सीएम ने घटना की रिपोर्ट मांगी

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने घटना की पूरी रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना बेहद गलत है और इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

उन्होंने अधिकारियों को घायलों का तुरंत इलाज कराने के निर्देश दिए। अफरीदी ने कहा, आतंकियों की ऐसी हरकतों से देश का हौसला नहीं टूटेगा।

**प्रशासन ने कोहाट-हंगू रोड को बंद कर दिया है। घायलों की संख्या बढ़ने के बाद अस्पताल में इमरजेंसी लगा दी गई है। अभी यह साफ नहीं है कि धमाका कैसे हुआ और इसके पीछे किसका हाथ है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं।**

## चांदी 6474 महंगी, एक किलो के दाम 2.36 लाख पहुंचे

### सोने के दाम आज 1809 बढ़े, 10 ग्राम 1.54 लाख का हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 18 सितंबर को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन यानी IBJA के मुताबिक एक किलो चांदी की कीमत 6,474 रुपए बढ़कर 2.36 लाख रुपए हो गई है।

10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 1809 रुपए बढ़कर 1.54 लाख रुपए पर पहुंच गए हैं। एक दिन पहले सोने के दाम 1.52 लाख रुपए और चांदी की कीमत 2.30 लाख रुपए थी।

कोटक सिक्युरिटीज के सीनियर वीपी एंड कमोडिटी रिसर्च हेड अनिंद्य बनर्जी कहते हैं कि सोने को आम निवेशकों के साथ ही दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों जैसे आरबीआई का भी सपोर्ट हासिल है, जो लगातार सोना खरीद रहे हैं।

आगे मुश्किल हालात में भी सोने में तेजी बनी रहेगी। यदि हालात सुधरे तो चांदी में भी उछाल दिख



सकता है। अभी जो भावी हालात नजर आ रहे हैं, उसके मुताबिक दिसंबर तक सोने की कीमत 1.70 लाख रुपए तक पहुंच सकती है। चांदी की कीमत भी 3 लाख रुपए तक जा सकती है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 21 हजार रुपए महंगा हो चुका है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.54 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.36 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।**

**मो0- 9415799533**
**R.N.I. NO. 64107/96**